


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 97/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 7 नवम्बर 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in




दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार सुनवाई हुई। इस दौरान जस्टिस कौल ने पराली जलाने पर राज्य सरकारों को सख्त आदेश दिए।

# मोदी ने सीधी में कहा- कांग्रेस का नारा, काम हाफ-जेब साफ

**सांध्यप्रकाश संवाददाता**

**सीधी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सीधी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस ने केंद्र में सरकार चलाते हुए गरीब और मध्यम वर्ग को लूटने का काम किया। टेलिकॉम, कोयला घोटाला कर कांग्रेस ने आपके लाखों - करोड़ रुपए लूट लिए। आपके सेवक ने घोटाले बंद किए। भाजपा सरकार में घोटाले बंद हुए। 8 महीने में पीएम का यह 14वां मध्यप्रदेश दौरा है।



उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा का संकल्प पत्र है, दूसरी तरफ कांग्रेस के झूठ का कारोबार आप सभी को कांग्रेस ने विश्वासघात के सिवाय कुछ नहीं दिया है। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के युवाओं के सपने भी पूरे नहीं किए। जिस-जिस राज्य में कांग्रेस सत्ता में होती है वहां अपराध और लूटपाट का राज ही चलता है। कांग्रेस सरकार नक्सल हिंसा को काबू करने में असफल रही है। पीएम ने अपराध, आतंकवाद के मुद्दे पर भी कांग्रेस को जमकर घेरा, पीएम ने कहा कि कांग्रेस को कभी भी गरीबों की चिंता नहीं हुई, उनके बच्चों के बारे में कांग्रेस ने कभी नहीं सोचा। जब कि बीजेपी हमेशा गरीबों की भलाई को प्राथमिकता दी है।

छत्तीसगढ़ तो महादेव के नाम पर भी घोटाला कर दिया। महादेव सट्टेबाजी घोटाले की चर्चा आज देश-विदेश में हो रही है। कांग्रेस ने अपनी तिजोरी भरने के लिए आपके बच्चों से सट्टेबाजी करवाई है।


**सांध्यप्रकाश विशेष**



## ज़हरीली हवा

**एन के त्रिपाठी**

पिछले सप्ताह मैं दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में था। उन्हीं दिनों वायु प्रदूषण बहुत तेज़ी से बढ़ने लगा। दिल्ली सहित इस क्षेत्र का वातावरण पिछले पाँच दिनों से ख़तरनाक स्थिति में अर्थात एक्यूआई 400 के ऊपर चल रहा है। छोटे बच्चों तथा वरिष्ठ नागरिकों पर इसका तत्काल प्रभाव पड़ता है। पुराने श्वास के मरीज़ बदहाल हो जाते हैं। स्वस्थ वयस्क भी साँस की बीमारियों के शिकार होने लगते हैं। यह समस्या इस क्षेत्र में पिछले तीन दशकों से और विशेष रूप से पिछले एक दशक में बड़ी तेज़ी से बढ़ी है। समस्या केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की ही नहीं, अपितु समस्त उत्तर भारत की है और अब देश के मध्यवर्ती क्षेत्र और महाराष्ट्र के समुद्र तटों पर भी फैल गई है। भोपाल सहित मध्य प्रदेश के सभी शहर प्रदूषित हैं।





एनसीआर की वायु के प्रदूषण के अनेक कारण है। सबसे प्रमुख कारण है सर्दियों में तापमान का कम होना तथा हवा का स्थिर हो जाना है। इससे धूल सहित अन्य प्रदूषित कण सतह के पास आ जाते हैं और फेफड़ों में प्रवेश करने लगते हैं। इस क्षेत्र में नवंबर माह विशेष विषैला होता है। मौसम पर कोई मानवीय नियंत्रण नहीं है इसलिए इस पर अधिक विचार करने की आवश्यकता नहीं है। यहाँ पर धूल उड़ने की मात्रा बहुत अधिक है। धूल पर नियंत्रण तभी हो सकता जब खुला धरातल या तो घास से आच्छादित हो अथवा पक्का हो तथा कूड़े और निर्माण कार्यों की धूल पर उचित उपायों से नियंत्रण हो। दूसरा मुख्य कारण धुआँ है। भारत के अन्य क्षेत्रों की तरह यहाँ भी कूड़े के ढेरों में आग लगा दी जाती है। पंजाब और कुछ हरियाणा के खेतों में पराली जलाने से भी हल्की पश्चिमी हवा के साथ इसी माह में इस क्षेत्र में वहाँ का धुआँ आ जाता है।

## बलात्कार राजस्थान में होते हैं, प्रियंका मप्र पर मढ़ देती हैं: चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रियंका गांधी और राहुल गांधी को झूठा बताया। भोपाल में उन्होंने कहा कि दोनों भाई-बहन लगातार झूठ बोलते हैं। इस कदर झूठ बोलते हैं कि कांग्रेस शासित राज्यों की नाकामियां, घोटाले और घपले दूसरे राज्यों की सरकारों पर मढ़ देते हैं। बलात्कार राजस्थान में होते हैं और आप (प्रियंका गांधी) उन्हें मध्यप्रदेश पर मढ़ देती हैं। आपको शर्म नहीं आती?



## छत्तीसगढ़ और मिजोरम में मतदान, नारायणपुर में नक्सलियों ने की फायरिंग

**नई दिल्ली/ रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान चल रहा है। पहले चरण के तहत 20 सीटों पर मतदान हो रहा है। इन 20 सीटों में कई दिग्गजों का भविष्य दांव पर है। दोपहर एक बजे तक छत्तीसगढ़ में 44.55 फीसदी मतदान हो गया है। रायपुर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, जैसे ही अजित पवार बीजेपी में शामिल हुए, उनका नाम ईडी से हटा दिया गया। हिमंत बिस्वा सरमा अभी सीएम हैं, उनका नाम सारदा चिटफंड भ्रष्टाचार में था। ऐसे कई उदाहरण हैं, जो मोदी वॉशिंग पाउडर में धुलने के बाद सारे दाग साफ हो जाते हैं। पहले चरण के मतदान के बीच नारायणपुर जिला के थाना ओरछा के तादुर के जंगल में एसटीएफ और नक?सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। एसटीएफ की जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली जंगल की आड़ लेकर भाग गए।



उधर मिजोरम में दोपहर तक लॉन्गतलाई में 39.88 प्रतिशत, खौझौल में 36.98 प्रतिशत और सेरचिप में 36.86 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, सैतुल में शुरुआती चार घंटों में सबसे कम 26.15 प्रतिशत, आइजोल में 29.62 प्रतिशत।

## केंद्र में एडिशनल सेक्रेटरी रैंक के 21 अधिकारियों की पदस्थापना, एमपी कैडर के 4 वरिष्ठ आईएएस भी शामिल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आज एडिशनल सेक्रेटरी रैंक के 21 अधिकारियों के पदस्थापना आदेश जारी किए हैं। इनमें मध्य प्रदेश कैडर के चार अधिकारी भी शामिल हैं।





भारतीय प्रशासनिक सेवा में मध्य प्रदेश कैडर की 93 बैच की अधिकारी दीप्ति गौड मुखर्जी को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में एडिशनल सेक्रेटरी बनाया गया है। 94 बैच की पल्लवी जैन गोविल को एडिशनल सेक्रेटरी रैंक में डायरेक्टर जनरल ऑफ़ हाइड्रोकार्बन मिनिस्ट्री ऑफ़ पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस बनाया गया है। इसी प्रकार 1996 बैच की कैरोलिन खोंगवार देशमुख को ग्रामीण विकास विभाग में एडिशनल सेक्रेटरी बनाया गया है। मध्य प्रदेश कैडर के ही 98 बैच के आकाश त्रिपाठी सीईओ माय गवर्नमेंट मिनिस्ट्री ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी के पद को एडिशनल सेक्रेटरी के रैंक और पे में अपग्रेड किया गया है। इन चार अधिकारियों के अलावा अन्य राज्यों के कैडर के 17 अधिकारियों की भी पदस्थापना की गई है।

## छत्तीसगढ़ में पहले चरण के मतदान के बीच अनुराग ठाकुर ने भूपेश सरकार पर बोला हमला



**भोपाल।** छत्तीसगढ़ में मंगलवार को पहले चरण में 20 सीटों पर मतदान किया जा रहा है। इसी बीच भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार के सिलसिले में भोपाल आए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने महादेव एप के महाफर्जीवाड़े को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सीधा हमला बोला और कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ में वसूली की सरकार चलाई।

न्यूज एजेंसी के साथ बातचीत में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आजाद भारत 75 सालों के इतिहास में भूपेश बघेल जी का ऐसै उदाहरण सामने आया है कि जिसने एक नहीं अनेक भ्रष्टाचार किए हैं। उनकी सरकार में गोठान घोटाला, कोयला घोटाला, शराब घोटाला, पेपर लीक घोटाला और अब महादेव एप घोटाला हुआ। छत्तीसगढ़ में कहते हैं घोटाला करो भ्रष्टाचार करो और भू-पे करो। भूपेश बघेल ने 508 करोड़ महादेव ऐप वाले से लिए, ताकि उनके पुलिस वाले थोड़ा-थोड़ा तंग करते रहें और भूपेश बघेल की जेब भरते रहें।

## सोम ग्रुप पर आईटी की रेड, 5 राज्यों में 50 ठिकानों पर छापा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले सोम ग्रुप पर आईटी ने छापा मारा है. सोम ग्रुप के 5 राज्यों में 50 ठिकानों पर आयकर विभाग की सर्च कर रही है। भोपाल, जबलपुर, इंदौर और रायसेन में सोम ग्रुप के ठिकानों पर मंगलवार सुबह छापामारी शुरू की गई. मुंबई, दिल्ली, कोलकाता कटक और बेंगलुरु में भी आयकर विभाग ने कार्रवाई की है. केंद्रीय पुलिस बल के साथ सभी ठिकानों पर एक साथ सुबह 6 बजे आईटी की टीम पहुंची।

## भोपाल में 80+ के बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए घर बैठे मतदान शुरू

**भोपाल।** जिले में सातों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुगुर्ज और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा मंगलवार से घर से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मतदान प्रक्रिया के लिए 13 नवंबर अंतिम दिन है, लेकिन जिले में तीन दिन का लक्ष्य रखा गया है। प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरी कराने के लिए 113 टीमों का गठन किया गया है। मतदाताओं द्वारा बैलट पेपर से मतदान किया जा रहा है।

घर से ही मतदान करने को लेकर बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं में उत्साह नजर आ रहा है। मतदानकर्मी घर-घर जाकर इनसे बैलेट पेपर के जरिए मतदान करा रहे हैं। शाहपुरा क्षेत्र के भारत नगर में ई-8/71 में रहने वाली शारदा देवी काशिव बुजुर्ग हैं और चलने-फिरने से लाचार हैं। उन्होंने बिस्तर पर लेटे हुए ही मतदान किया। अन्य जगहों पर जहां भी मतदानकर्मी पहुंचे, वहां बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक मतदान में हिस्सा लिया।



**निर्वाचन आयोग के निर्देश पर दी जा रही सुविधा-** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि जिले में कुल 27 हजार 89 मतदाता 80 साल से अधिक आयु वर्ग के हैं तो वहीं आठ हजार 47 दिव्यांग मतदाता हैं।




# श्रीकृष्ण गोवर्धन मंदिर में गोवर्धन पूजा 13 नवम्बर को

**भोपाल।** प्लेटिनम प्लाजा स्थित श्रीकृष्ण गोवर्धन मंदिर में पाल समाज द्वारा गोवर्धन पूजा किया जाएगा। 13 नवम्बर को 11 से दोपहर 1 पूजन पाठ के बाद प्रसाद का वितरण होगा। मंदिर समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. राजेंद्र पाल अध्यक्ष अहिल्या बाई कल्याण बोर्ड, जगदीश यादव, पार्षद श्रीमती जागृति पाल सरपंच, डॉ. प्रकाश पाल, एसडीओ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। मंदिर के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह बघेल, शंकर सिंह पाल, जयराम सिंह बघेल, लखन महाते, रामस्वरूप पाल, रामसिया बघेल, दिनेश पाल, धर्मेन्द्र पाल, राजेन्द्र पाल कुमिया, सुखनंदन, गुलाब, लखन, विनोद तथा भानुप्रताप सिंह पाल सहित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शहर वासियों से अपील की है कि गोवर्धन पूजा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करें।

# दिव्यांगों और बुजुर्गो के लिए घर पहुंचकर मतदान



**बैरसिया।** घर घर मतदान के लिए बैरसिया क्षेत्र में निर्वाचन आयोग द्वारा मताधिकार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मतदान की प्रक्रिया सभी जगह बैलेट पेपर के माध्यम से होगी। रिटर्निंग अधिकारी विनोद सोनकिया ने बताया कि विधानसभा 149 बैरसिया में चिन्हित किये गये कुल 398 दिव्यांग और 80+ के मतदाता घर से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के लिये विधानसभा में कुल 20 दल गठित किये गये है यह सभी दल घर घर जाकर मतदान की प्रक्रिया करवाएंगे।

## सड़कों व सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने पर निगम की कार्रवाई

**भोपाल।** शहर की सड़कों, मार्गों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कचरा, गंदगी फैलाकर साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों तथा पर्यावरण को प्रदूषित करने वालों के विरूद्ध निगम द्वारा स्पाट फाईन की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में सोमवार को निगम अमले ने विभिन्न क्षेत्रों में कचरा, गंदगी फैलाने, गीला सूखा व अन्य प्रकार का कचरा अलग-अलग न रखने वालों, खुले में मूत्र त्यागने, पालीथीन/सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले आदि के विरूद्ध स्पाट फाईन की कार्यवाही करते हुए 54 प्रकरणों में 18 हजार 250 रूपये की राशि वसूल की। साफ सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के दृष्टिगत निगम के अपर आयुक्त श्री विनीत तिवारी ने जोन क्र. 09 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया और साफ सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

# हुजूर भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा का जनसंपर्क जारी, घर-घर जाकर जनता का ले रहे आशीर्वाद

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



गांव गरीब और किसान कल्याण के लिए विगत 18 वर्षों में जो काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है उतना काम पहले किसी सरकार ने नहीं किया इस कारण से सम्पूर्ण प्रदेश सहित हुजूर विधानसभा क्षेत्र में गांव-गांव तक स्वास्थ्य शिक्षा और सड़क पहुंची है। इसलिए हम आपका वोट अधिकार के साथ एक बार फिर मांगने आए हैं। अत: 17 नवंबर के दिन कमल का बटन दबाकर हुजूर और मध्य प्रदेश में भाजपा को पुन: विजयी बनाना है। यह बात जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा ने कही। भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि मेरा प्रयास रहता है कि विकासपरक सोच के साथ जन भावनाओं का सम्मान करते हुए आगे बढ़ा जाए। यही वजह है कि आज जनता का आशीर्वाद निरंतर मुझ पर बना हुआ है। क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। मैंने एक सेवक के रूप में हुजूर परिवार का मन जीता है। इसलिए अब परिवारजन मुझे विजयी बनाएगें। हुजूर भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान विभिन्न स्थानों पर नागरिकों से भेंट कर अन्य चुनावी गतिविधियों में भी शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को उनके द्वारा फंदा मंडल कार्यालय का शुभारंभ, वार्ड क्रं. 83 व 84 बूथ की बैठक के साथ साथ अन्य बैठकों में सम्मिलित हुए।

**इन स्थानों पर किया जनसम्पर्क:** हुजूर प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा ने रविवार को क्षेत्र के नवीन बस्ती, बैरागढ़ कलां, फंदा, तूमड़ा, वैभव मैरिज गार्डन, महाबली नगर, कोलार, श्रद्धा मैरिज गार्डन, सीटीओ, प्रताप वार्ड, वार्ड क्र. 01, अर्जुन वार्ड, गोंडबस्ती, नई बस्ती सेक्टर -3 (बंजारा बस्ती), शहीद भगत सिंह, ऋषि विलास कालोनी, पतंजली कालोनी, द ब्लेयर कालोनी, कटारा हिल्स, भगवती नगर, स्वामी विवेकानंद परिसर, गौरीशंकर परिसर, सिल्वर स्टेट, पार्क सिटी, रजत गोल्डन नेस्ट, गोल्ड विला, स्प्रिंगवैली ड्यू, स्प्रिंगवैली जुनिपर, स्प्रिंगवैली, प्राईड सिटी, आमरीन होम्स, सागर गोल्डन पॉम, एटलांटिस सिटी, हेवंस लाईफ, कस्तूरी रॉयल पार्क, सिग्नेचर 360, पवित्र परिसर, सिग्नेचर सिटी, श्री कृष्णा हाईटस, रामायण साउथ एवेन्यू, त्रिभुवन विहार, रामायण साउथ एवेन्यू फेस-1 स्थानों पर जनसंपर्क कर नागरिकजनों से भाजपा को जिताने की अपील की।

# नूतन कॉलेज में सीखो कमाओ योजना मेला आरंभ



**भोपाल।** महाविद्यालय के फ्लेगशिप प्रोग्राम (हुनर ) के अंतर्गत अध्ययनरत छात्राओं एवं नोगा (पुर्व छात्राओं) द्वारा नूतन दिपावली धमाका मेला 6.7 एवं 8 नवम्बर 2023 को गर्ल्स कॉमन रूम में आयोजित किया जा रहा है। उक्त मेले मे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शैलबाला सिंह बघेल ने दीपावली का दिया जलाकर उदघाटन किया। छात्राओं द्वारा सजावटी दिये, ड्रेस मटेरियल, आर्टिफिशियल हैन्ड मेड ज्वैलरी, होम डेकोरेटिव आइटम कच्ची घानी के विभिन्न प्रकार के तेल (सरसों, मूंगफली, तिल, नारियल) आदि । खाद्य सामग्री (लड्डू, नमकीन, पकवान, गुजिया ) संग्रह सामग्री, जैसे विभिन्न लगभग 10-11 स्टाल लगाए। सभी कर्मचारी, स्टाफ छात्राएं, प्राध्यापकगण, अतिथि विद्वान ने उक्त मेले मे खरीददारी की एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम सीखते हुए कमाएँ की प्रभारी डॉ लक्ष्मी अग्निहोत्री, सदस्य डॉ सीमा रजा, डॉ निशी शर्मा डॉ भावना रमैया, छात्रा सहयोगी कु रक्षंदा खान, कु शमा खान सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा। छात्राओं कि सहभागिता सराहनीय रही।

# संत हिरदाराम कॉलेज में पाइथन इंटर्नशिप प्रोगाम में उत्कृष्ट प्रतिभागियों का सम्मान



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के कम्प्यूटर सांइस विभाग द्वारा करने वाली आयोजित इंटर्नशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किया गया। यह इंटर्नशिप बी.सी.ए. एव बी.एस.सी. कम्प्यूटर सांइस प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए पाइथन प्रोगामिंग पर आयोजित की गई जिसका ज्ञान वतर्मान के तकनीकी युग में अत्यावश्यक है। इस इंटर्नशिप के स्त्रोत व्यक्ति थे भूपेन्द्र खिलरानी जो पाइथन प्रोगामिंग के विशेषज्ञ है। उन्होंने अपने अध्यापन में छात्राओं को विषय की गहन शिक्षा देते हुए उसकी सूक्ष्मतम जानकारी उपलब्ध कराई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने विषय विशेषज्ञ के उत्कृष्ट कार्य की सराहरना की। इस टेर्ऊनिंग प्रोगाम में कुछ छात्राओं का प्रदर्शन एवं उनकी मेहनत उल्लेखनीय रही जिन्हें विभाग द्वारा ''बेस्ट परफॉर्मर अवार्ड'' से सम्मानित किया गया। विभाग द्वारा सभी प्रतिभागियों को बधाई दी गई एवं इस इंटर्नशिप के आयोजन द्वारा विभाग ने कौशल विकास उच्च्ल स्तरीय शिक्षा एवं नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दुहराई।

# गोविंदपुरा विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार रविंद्र साहू ने खेड़ापति हनुमान मंदिर में पूजा कर किया जनसंपर्क



**भोपाल।** गोविंदपुरा विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार रविंद्र साहू झूमरवाला भी लगातार धुंआधार जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए है। इस दौरान उन्हें प्रचंड बहुमत में जनसमर्थन मिल रहा है। रहवासी घरों से निकल कर फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत कर रहे है। दरअसल सोमवार को रविंद्र साहू वार्ड क्रमांक 68 में जनसंपर्क करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घर-घर पहुंच कर लोगों से जीत का आशीर्वाद दिया, वहीं रहवासियों ने भी जम कर स्वागत करते हुए उन पर फूलों की वर्षा की। महिलाओं ने तिलक लगा कर उन्हें फूल माला पहनाकर सम्मान किया। जनसंपर्क के दौरान रहवासियों ने जगह-जगह पर तराजू लगा कर उन्हें फलों से तौला। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी ने अपने घरों से बाहर निकल कर फूलों की माला से उनका स्वागत किया। श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ किया, झील नगर, किरण नगर ,सच्चिदानंद नगर , शांति नगर, सुख नगर , राजीव नगर, भवानी कैंपस, संतोषी नगर, नरेला जोड़, अहिंसा विहार , श्रीराम कैंपस, देव माता हॉस्पिटल देवमाता, सुरभि परिसर, सागर एवेन्यू, अमृत एंकलेव, अयोध्या, सैटेलाइट प्लाजा अयोध्या चौराहा पर समाप्त हुआ।

# भगवान कला केन्द्र द्वारा दीपावली उत्सव के उपलक्ष्य में कालन्या का आयोजन

**संत हिरदाराम नगर।** भगवान कला केन्द्र द्वारा दीपावली उत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शीर्षक कालन्या था जिसमें रंगोली, मेंहदी, डिजिटल पोस्टर मेकिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, फलेमलेस कुकिंग, डांस, गायन, फैशन शो, रील मेकिंग, रोल प्ले, ट्रेजर हंट, गेम्स आदि में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान कला केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतियोगीयों को पुरस्कार प्रदान किये गये।

केन्द्र के पदाधिकारी थांवर वरलानी द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के अंतर छिपी प्रतिभा को बाहर लाना था। कार्यक्रम में विशेष रूप से हीरो ज्ञानचंदानी, महेश दयारामानी, कन्हैया रामनानी, घनश्याम बूलचंदानी, उपस्थित थे। कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगितओं को डॉ डालिमा पारवानी, डॉ प्रिया बुधानी, ऋषिका एवं मोहित शिवानी, डॉ मीनू टहिलयानी, पलक पारवानी, अंजली मोतिरामानी, अनिल मोतीरामानी, संतोष जेठानी द्वारा जज किया गया। यह उल्लेखनीय है की भगवान कला केंद्र द्वारा अपने स्थापना वर्ष 1994 से आज तक 32 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न प्रकार के कोर्स में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।



# अयोध्या से आये कलश के पीले चावल देकर सभी को अयोध्या जाने का आव्हान

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




प्रान्त मंत्री राजेश जैन ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में नूतन मंदिर मे श्री रामलला विराजमान होगे , उसी निमित्त अयोध्या जी से प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण हेतु पूजित अक्षत कलश लेकर आज 6 नवंबर 2023 को हमारे प्रान्त के प्रतिनिधि भोपाल पहुंचे। जिसकी अगवानी के एल शर्मा प्रान्त कार्याध्यक्ष, खगेन्द्र भार्गव प्रांत संगठन मंत्री, भोपाल में निवासरत प्रांतीय पदाधिकारी, भोपाल विभाग, जिलों के प्रमुख दायित्व वान कार्यकर्ताओ ने उपस्थित होकर की। अयोध्या जी से पधारे पूजित अक्षत कलश को भोपाल रेलवे स्टेशन से यात्रा के रूप में लेकर सभी कार्यकर्ता गुफा मंदिर पहुंचे। जहाँ पूजित अक्षत कलश को गुफा मंदिर के पूज्य संत श्री रामप्रवेश दास जी महाराज को सोपा गया। आगामी योजना में दिनांक 15 दिसम्बर 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक, पूजित अक्षत कलश के पीले चावल , आमंत्रण पत्र और नव निर्मित मंदिर का चित्र, जन-जन तक पहुंचाने का अभियान प्रारंभ होगा। इस अभियान मैं विहिप प्रत्येक ग्राम, बस्ती तक पहुंच कर , प्रत्येक हिंदू को पीले चावल दे कर अयोध्या में श्रीरामलला के नूतन मंदिर मैं प्राणप्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आने का आमंत्रण देंगे । विहिप सम्पूर्ण हिन्दू समाज से आग्रह करती है कि 22 जनवरी 2024 को श्रीरामलला की नूतन मंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा होगी, तब हम सभी यह कार्यक्रम समूह मैं देखे, सभी मंदिरों में भव्य आरती हो। उस दिन दीपावली जैसा वातावरण संपूर्ण नगर , ग्राम, बस्ती में तैयार हो। हर घर में भगवा पताका, रंगोली, लाईटिंग, आतिशबाजी, एवं दीप जला कर सम्पूर्ण प्रान्त मैं उत्सव का वातावरण बने, ऐसा सभी से आवाहन करते है।

# भाजपा प्रत्याशी ध्रुवनारायण सिंह ने साई बाबा नगर में जनसंपर्क किया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



सोमवार शाम को मध्य भोपाल के भाजपा प्रत्याशी ध्रुवनारायण सिंह ने आज साई बाबा नगर में बाबा महाँकाल मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया जनसंपर्क। भाजपा प्रत्याशी ध्रुवनारायण सिंह का जनसंपर्क में जगह जगह महिलाओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया। ध्रुवनारायण सिंह का साई बाबा नगर में तिलक लगाकर शाल श्रीफल एवं प्रभु श्रीराम का दरबार भेंट किया। जनता कॉलोनी में मुस्लिम समाज के लोगो ने फूल मालाओं से स्वागत जनसंपर्क में स्वागत किया।

जनसंपर्क इस प्रकार रहा साई बाबा नगर में बाबा महाँकाल मंदिर में पूजा अर्चना कर,दुर्गा चौक,देवकरण झोरढ़ की गली,कमला आंटी की गली,अशोक कारा किराना स्टोर,सारस्वत जी के घर के पास से,मनीष कारा जी घर से,चिंता की दुकान,शैलेन्द्र सोहित के घर के पास,हनुमान मंदिर अर्जुन मालवीय के घर के पास,जनता कॉलोनी,संत रविदास मोहल्ला,साई बाबा मंदिर के पीछे की बस्ती,मीरा मंदिर वाली बस्ती पर समापन हुआ। जनसंपर्क में मौजूद रहे भाजपा अरेरा मंडल अध्यक्ष मुकुल लोखंडे,भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवनारायण सिंह, महामंत्री अभिषेक पुरोहित,वार्ड-49 पार्षद जोन अध्यक्ष बाबुलाल यादव,किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राकेश बिष्ट,मंत्री नितिन यादव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रवि नाहर,भाजपा वार्ड-49 पालक पंकज शुक्ला, संयोजक श्री रमेश ठाकुर सहित भाजपा के अनेकों कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# अधिकारियों के बाद अब हमारी बहनों को धमका रही कांग्रेस : शिवराज सिंह

## मुख्यमंत्री ने भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी भगवानदास सबनानी के समर्थन में की जनसभा



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला नहीं कर पा रही है, इसलिए अब धमकी देने पर उतर आई है। कांग्रेस पार्टी के नेता पहले अधिकारियों को धमकी दे रहे थे, अब तो उनके नेता हमारी स्व सहायता समूह की बहनों को भी धमकी देने लगे हैं। कांग्रेस के नेता स्व सहायता समूह की बहनों को कह रहे हैं कि बहुत भैया-भैया कर रही हो, कांग्रेस की सरकार बनी तो तुम्हारे घर में चूल्हे नहीं जलने दूंगा। तुम्हारे बच्चे भूखे पेट मर जाएंगे। कांग्रेस पार्टी यह किस स्तर की राजनीति पर उतारू हो गई है। आज प्रियंका गांधी भी मध्यप्रदेश में थीं, मैं कांग्रेस पार्टी और प्रियंका गांधी, राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि बहनों को धमकी देना क्या कांग्रेस पार्टी की रणनीति है। कांग्रेस नेताओं द्वारा बहनों को धमकी देने के मामले में उनका क्या स्टैंड है, स्पष्ट करें। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंबेडकर मैदान में पार्टी प्रत्याशी भगवानदास सबनानी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि एक बात सभी स्पष्ट सुन लें, हमारी बहन-बेटियों और भांजे-भांजियों की ओर आंख उठाकर देखने वालों को मैं बख्शूंगा नहीं। मध्यप्रदेश में कांग्रेस का धमकी राज नहीं चलने वाला है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री रामदास आठवले ने भी संबोधित करते हुए पार्टी प्रत्याशी को जिताने की अपील की।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यहां अपनी बहनों, भांजे-भांजियों से मिलने आया हूं। मैं महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं बनाई हैं। बहनों के सामाजिक उत्थान के साथ उन्हें सम्मान दिलाने के लिए कार्य करता रहूंगा। मैंने बहनों की मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत पैसे नहीं सम्मान दे रहा हूं। मैं अभी 1250 रूपए प्रतिमाह दे रहा हूं, पैसे की व्यवस्था में लगा हूं। जैसे ही पैसे की व्यवस्था हुई, इसे बढ़ाते हुए 3 हजार रूपए प्रतिमाह तक ले जाऊंगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और आम आदमी पार्टी सभी ने मिलकर इंडी गठबंधन बनाया है। यह सब मिलकर भी भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। अखिलेश कह रहे हैं कि कांग्रेस बहुत चालू पार्टी है, कांग्रेस धोखेबाज पार्टी है। दिल्ली में एक परिवार अपने बच्चों को सेट करने में लगा है। मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह और कमलनाथ अपने बेटों को राजनीति में सेट करने में लगे हैं। दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के दो पाटों में मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी पिस रही है।

## बूथ कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकतः विष्णुदत्त शर्मा




**झाबुआ/धार।** भाजपा में हमारे बूथ कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। हमारे कार्यकर्ताओं के परिश्रम का ही परिणाम है कि भाजपा हर एक बूथ पर जन - जन के मन में लोकप्रिय राजनीतिक दल है। बूथ कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भाजपा प्रचण्ड बहुमत से विजयी होकर जीत का नया इतिहास रचेगी। भाजपा कार्यकर्ताओं का यह उत्साह बता रहा है कि इस विधानसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर भाजपा 51 प्रतिशत वोट शेयर हासिल करने के साथ प्रचण्ड विजय हासिल करेगी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को झाबुआ में विधानसभा की कार्यकर्ता बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने सोमवार को अपने चुनाव प्रचार के दौरान जोबट, झाबुआ, सरदारपुर, धार और इंदौर-3 में कार्यकर्ताओं की बैठक और सम्मेलन में शामिल होकर उन्हें बूथ जीतने का संकल्प दिलाया। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वैश्विक पटल पर भारत का गौरव बढ़ा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में करोड़ों लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठकर सम्मानपूर्वक अपना जीवन यापन कर रहे हैं। आज हमारा देश हर क्षेत्र में सशक्त, समृद्ध और सशक्त हो रहा है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद, केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में हमारे कार्यकर्ताओं ने हर बूथ को सशक्त और डिजिटल बनाया है। हमारे कार्यकर्ता संगठन की असली ताकत हैं। उन्होंने कहा कि मुझे अपने सभी कार्यकर्ताओं पर गर्व है कि मध्य प्रदेश में हमारे कार्यकर्ताओं ने अपने समर्पणभाव से बूथों को डिजिटल और सशक्त बनाने का काम किया है।

# उत्तर विधानसभा के विकास का रोड मैप तैयारः आलोक शर्मा



## भाजपा प्रत्याशी ने विधानसभा क्षेत्र में किया सघन जनसंपर्क

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उत्तर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा को जनसंपर्क के दौरान लोगों ने रोड पर गंदगी और नालियों के चैनलाइजेशन न होने की समस्या बताई। इस पर आलोक शर्मा ने कहा कि पुराने शहर में कई समस्याएं हैं जिन्हें प्राथमिकता के साथ हल करने की जरूरत है। यहां कांग्रेस विधायक ने कोई काम नहीं कराए। यही वजह है कि उत्तर की जनता स्वच्छता और विकास के लिए इस बार परिवर्तन करना चाहती है। अच्छी बात यह है कि परिवर्तन की लहर स्वयं जनता की तरफ से आ रही है। कांग्रेस विधायक की निष्क्रियता से हर तरफ जनता में आक्रोश का माहौल है। शर्मा ने कहा कि मैं पुराने शहर का रहने वाला हूं। यहां की हर स्थिति को समझता हूं। महापौर रहते मैंने स्वच्छता और विकास के ऐतिहासिक काम किए हैं। मैं महापौर रहते हुए कई विकास के प्रस्ताव तैयार किए थे परंतु कांग्रेस विधायक ने कभी पारित नहीं होने दिए। मैंने उत्तर के विकास का भी रोडमैप तैयार कर लिया है। पुराने शहर का कायाकल्प स्वच्छता अभियान से ही प्रारंभ करेंगे। एक वाक्य में कहें तो जनता की मुझसे जो अपेक्षाएं हैं, उससे कहीं अधिक करने का प्रयास करूंगा। उत्तर विधानसभा को सुविधाओं से युक्त एक आदर्श विधानसभा का स्वरूप प्रदान करूंगा। सोमवार को आलोक शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ पुरानी सिंधी कॉलोनी, शांति नगर, संत नगर न्यू सिंधी कॉलोनी, यूनियन कार्बाइड क्षेत्र, जेपी नगर व विकास नगर में लोगों से मुलाकात करने पहुंचे थे। इस दौरान रहवासियों द्वारा प्रत्याशी शर्मा का कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

## युवा कांग्रेस मीडिया विभाग ने संगठन का किया विस्तार

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के महत्वपूर्ण मीडिया विभाग ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए प्रदेश और जिलों में युवा कांग्रेस को मजबूत करने और मीडिया से समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से पूर्व मुख्यमंत्री एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार ,प्रदेश प्रभारी अखिलेश यादव और डॉ विक्रांत भूरिया की सहमति से मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी ने अक्षय कौरव और प्रशांत शर्मा को प्रदेश समन्वयक की एवं नैतिक चौधरी को सागर की विशाल रघुवंशी को गुना जिला समन्वयकों की नियुक्तियां कर जिम्मेदारी सौंपी। भोपाल युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के चैयरमेन आकाश चौहान ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि नवनियुक्त पदाधिकारियों की नियुक्तियां विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए की गई है।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर, दतिया और भिंड जिले में की जनसभाएं



**ग्वालियर।** कांग्रेस यानी तीन सी, कट, कमीशन और करप्शन। कांग्रेस की जहां-जहां सरकार है, वहां-वहां तीन सी यानी कट, कमीशन और करप्शन का दौर चल रहा है। मध्यप्रदेश में भी 2003 के पहले यही दौर था। मध्यप्रदेश में जब कमलनाथ की सरकार बनी, तब भी योजनाओं में कटौती, कमीशन और भ्रष्टाचार का बोलबाला था। वल्लभ भवन को भी दलाली का अड्डा बना लिया था। कमलनाथ सरकार ने मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही संबल सहित करीब 51 सामाजिक व विकास योजनाओं को बंद कर दिया था। भितरवार के लोगों से मेरा खून, माटी, प्रगति और विकास का रिश्ता है। सन् 1984 में 13 साल के बालक के रूप में मैं अपने पिताजी के लिए आशीर्वाद मांगने अपनी मां के साथ अंतरी आया था। अंतरी आकर मुझे अपना बपचन याद आता है। यह बात केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर जिले के भितरवार विधानसभा क्षेत्र के अंतरी गांव में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने दतिया, भाण्डेर, सेवढ़ा, लहार, अटेर और मेहगांव विधानसभा क्षेत्रों में भी पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। भितरवार में सभा को संबोधित करते हुए श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सन् 1984 में मैं 13 वर्ष के बालक के रूप में मैं अपने पिताजी के लिए आपका आशीर्वाद मांगने आया था। तब से मैं अंतरी से जुड़ा हुआ हूं। जो प्यार, आशीर्वाद और समर्थन आप लोगों ने दिया है, उसके लिए मैं आपका जीवन भर ऋणी रहूंगा। उस समय मैं एक बीज के रूप था। आप लोगों ने खाद, पानी व छाया देकर बड़ा किया। आज जो हिम्मत और शक्ति इस बीज में है वो आपके लिए जीवन भर समर्पित है। भितरवार के लोगों से मेरा खून, माटी, प्रगति और विकास का रिश्ता है। इस क्षेत्र की जनता और मेरा खून एक ही है।

सिंधिया ने कहा कि माधव महाराज प्रथम ने इस क्षेत्र के सैकड़ों साल पहले यहां के किसानों के लिए ककेटो और हरसी का बांध का निर्माण कराया, जिसका मीठा पानी आज भी मेरे भितरवार के किसानों के खेत को सींच रहा व घरों में पहुंच रहा है। सिंधिया ने कहा कि 2003 से पहले सड़कों में सिर्फ गड्ढे थे, गाड़ी से चलने पर लोग सोचते थे की रीढ़ की हड्डी बचेगी की नहीं लेकिन 2003 के बाद जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार मध्यप्रदेश में बनी है तब से लगातार विकास हुआ।

# गांव-गांव में बनी पक्की सड़कें और घर-घर पहुंच रहा शुद्ध पानी : गोविंद सिंह राजपूत

## भाजपा प्रत्याशी ने कई गांवों में किया सघन जनसंपर्क

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार गोविंद सिंह राजपूत ने सोमवार को क्षेत्र ग्राम नोरजा, खजुरिया, भैंसा, डगरानिया, मानेशिया, पीपरा और ग्राम बसियागंगे में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान राजपूत के साथ अनेक ग्रामवासी, भाजपा कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे। जनसंपर्क के दौरान गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में हमने विकास के अनेक कार्य कराए हैं। आप लोगों को मालूम ही है कि आज से 25 साल पहिले सड़कें नहीं थीं। लोगों को कच्ची, पथरीली और गड्ढेदार सड़कों से आना जाना पड़ता था। बरसात में तो और भी मुसीबतों का सामना करना पड़ता था। भाजपा उम्मीदवार गोविंद सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार और मैने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव में सड़कों का जाल बिछा दिया है। अब यहां पर वाहन फर्राटे से दौड़ते हैं। हमने यहां की जल समस्या को लगभग हल कर दिया है। भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र का ऐसा कोई गांव अब नहीं रहा जहां पक्की सड़क न बनी हो। यदि कुछ गांव रह गये हो तो उनमें भी अतिशीघ्र पक्की सड़कों का निमार्ण किया जाऐगा। भाजपा सरकार और मैंने भरसक प्रयास किया है कि क्षेत्र की समस्याओं को हल किया जाए। सुरखी विधानसभा क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या जलसंकट की थी। महिलाओं, बेटियों को पेयजल लाने के लिए दूर-दूर तक हेंण्डपंप और कुआं तक जाना पड़ता था, लेकिन हमने नलजल योजनाओ के माध्यम से लोगों के घर-घर तक पानी पहुंचाने का काम किया है। गांव-गांव में बनी टंकियों से घर-घर तक टोंटी के माध्यम से पानी पहुंच रहा हैं। मेरा एक ही सपना है कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र प्रदेश की विकसित विधानसभाओं में शामिल हो। यह सब काम केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है। आपके आशिर्वाद से मधयप्रदेश में एक बार फिर से भाजपा सरकार बन रही है। इसलिए आप अपना अमूल्य मत सोच समझ कर देना।

## एम्स में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक दिवस

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु एम्स भोपाल के पी.एम.आर विभाग की प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक इकाई द्वारा अंतराष्ट्रीय प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक दिवस के उपलक्ष्य में आज प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक अनुभाग की प्रशंसा करते हुए कहा कि मध्य भारत क्षेत्र में रोगियों को ऑर्थोटिक सहायता और उपकरणों के प्रावधान की सुविधा प्रदान कर विभाग एक अच्छा कार्य कर रहा है । उन्होंने जरूरतमंद रोगियों को उच्च गुणवत्ता के ऑर्थोटिक एवं प्रोस्थेटिक सहायता के प्रावधान की सुविधा के लिए प्रयासरत रहने और अन्य राष्ट्रीय संगठनों के साथ जुड़ने की सलाह दी। इस तरह के आयोजनों से न केवल विभिन्न विशेषज्ञता वाले छात्रों को बल्कि रोगियों को भी उपकरणों की कार्यप्रणाली समझने में मदद मिलेगी। डॉ. सिंह ने कहा कि अपने परिश्रम से हम पी.एम.आर विभाग को केन्द्रीय भारत में दिव्यांगों के पुनर्वास के लिए सेंटर ऑफ़ एक्सेलेन्स के रुप में विकसित करेंगे। इस दौरान प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक सेक्शन द्वारा बनाये गए ऑर्थोसिस का वितरण एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह द्वारा किया गया। अंतर्राष्ट्रीय प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स दिवस प्रतिवर्ष 5 नवंबर को मनाया जाता है। इस अवसर पर जागरूकता के लिए आधुनिक कृत्रिम अंग, ऑर्थोसिस, कार संशोधन, और व्हीलचेयर बाइक की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में सागर पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने भी गहरी रूचि दिखाई। इस अवसर पर डॉ. रजनीश जोशी, डीन (एकेडमिक्स), डॉ. रेहान उल हक, डीन (रिसर्च), कर्नल डॉ. अजीत कुमार, उप निदेशक (प्रशासन), डॉ. शशांक पुरवार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जॉन संतोषी, डॉ विठ्ठल प्रकाश पुरी, डॉ अनुराधा दिवाकर शिनॉय और कई वरिष्ठ संकाय सदस्य तथा दिव्यांगजन भी उपस्थित रहे ।

# संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से भेंट

भोपाल। विभिन्न संगठनों के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन से भेंट की और संगठनों द्वारा तैयार किया गया' जन घोषणापत्र उन्हें ' भेंट किया जिसमें राजनैतिक दलों के घोषणापत्रों में शामिल करने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दे सुझाए गए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन से जुड़े विभिन्न विषयों पर उनसे चर्चा की और चुनावों के सुचारू संचालन के संबंध में सुझाव दिए। सदस्यों ने चुनाव में धर्म के इस्तेमाल का मुद्दा उठाया. हमने चुनाव आयोग से अनुरोध किया कि वह किसी भी राजनीतिक दल को मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए धर्म के इस्तेमाल करने से रोकें। प्रतिनिधिमंडल में एल. एस. हरदेनिया, पूर्णेंदू शुक्ल, फादर आनंद मुटुंगल एवं शैलेन्द्र शैली शामिल थे।





## कॉम्प फीडर्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की इंटर स्कूल प्रतियोगिता का समापन

**भोपाल।** कॉम्प फीडर्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा प्रथम दो दिवसीय इंटर स्कूल प्रतियोगिता 3-4 नवंबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों इंदौर, देवास, उज्जैन, धार से 20 से अधिक टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम, माहेश्वरी विद्यापीठ कंपेल स्कूल को ट्रॉफी एवं 5100 रुपये, उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं 2100 रुपये का नकद पुरस्कार समूह निदेशक अवनी दवे मैडम द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कब्बडी खिलाड़ी एवं मप्र प्रो कब्बडी लीग के स्टार खिलाड़ी सुरेंद्र नागदावाला थे। वहीं कार्यक्रम में कॉम्प फीडर्स ग्रुप के अध्यक्ष अवधेश दवे, निदेशक दिव्यांश दवे, निदेशक अवनी दवे, महाप्रबंधक सीमा वर्मा, रजिस्ट्रार रवीन्द्र शुक्ला सहित सभी प्राचार्य एवं स्टाफ की गरिमामयी उपस्तिथि रही।रही।

## आधुनिक भागदौड़ में भी आयुर्वेद का महत्व सबसे अधिक:डॉ. सिंह



**भोपाल।** एम्स के आयुष विभाग ने क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर के सहयोग से आठवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर एम्स के महात्मा गांधी आईपीडी परिसर में एक नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया । कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने इस अवसर पर पहुँचकर भगवान धन्वन्तरी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने आयुष विभाग को बधाई देते हुए कहा कि भले ही आधुनिक युग की भागदौड़ में आयुर्वेद, मॉडर्न मेडिसिन से पिछड़ गया है, पर इसका महत्व आज भी सबसे अधिक है। आयुर्वेद में जटिल रोगों के इलाज के लिए समाधान उपलब्ध हैं, जो आयुर्वेद को एक विशिष्ट दर्जा प्रदान करता है। आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में विभिन्न रोगों के कुल 111 मरीजों को नि:शुल्कआयुर्वेदिक औषधियाँ प्रदान की गई। क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर से आए अनुसंधान अधिकारी डॉ अनिल मंगल, एम्स के आयुष विभाग के डॉ दानिश जावेद, डॉ रंजना पांडे, डॉ तारिक बरकती, डॉ भावना शर्मा (एसआरएफ), प्रियंका पटेल, शंकर लाल वर्मा, कविता, वैशाली, रामेश्वर आदि ने चिकित्सा शिविर में अपना सहयोग दिया। डॉ अनिल मंगल एवं डॉ रंजना पांडे ने कैम्प में आए मरीजों को आयुर्वेद के अनुसार दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्या, आहार, विहार, जीवनशैली, सदाचार आदि विषयों पर जानकारी भी प्रदान की।

# सम्पादकीय

## मुफ्त राशन योजना

जातिगत जनगणना

कांग्रेस और अन्य कई दल लगातार जातिगत जनगणना का मुद्दा उठा रहे हैं, लेकिन पहली बार सत्तापक्ष की तरफ से किसी ने इस पर बात की है। और यह बात किसी और ने नहीं, अपितु केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने की है। हाल ही में एक चुनावी रैली में उन्होंने कहा कि असल में बीजेपी कास्ट सेंसस के उतना खिलाफ नहीं है। यह बयान चौंकाने वाला इसलिए है क्योंकि बीजेपी की ही अगुआई वाली केंद्र सरकार एकाधिक मौकों पर साफ कर चुकी है कि राष्ट्रीय स्तर पर कास्ट सेंसस करवाना व्यावहारिक नहीं है।

ऐसे में अब जब गृहमंत्री अमित शाह अपनी पार्टी के स्टैंड से कुछ अलग तरह की बात कह रहे हैं तो स्वाभाविक ही उसे पार्टी को होने वाला चुनावी नुकसान कम करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन भले ही चुनावी हितों के कारण हो, अगर बीजेपी अपना स्टैंड बदल रही है तो इसका मतलब यह है कि घूम-फिरकर अधिकांश पार्टियां कास्ट सेंसस यानि जातिगत जनगणना के पक्ष में हो गई हैं। पर सवाल उठता है कि क्या सभी दल इस तथ्य को नजरअंदाज कर देंगे कि जाति जनगणना से आखिरकार फायदों से ज्यादा नुकसान होने वाला है? लेकिन आखिर यह बात कैसे मान ली जाए कि जाति जनगणना फायदों से ज्यादा नुकसान करने वाली है?

अगर ज्यादातर दल इस मुद्दे को आरक्षण के कोटे वाली मानसिकता से देख और समझ रहे हैं तो यह देखने वाले की गलती ही कही जाएगी न कि मुद्दे की। आज आवश्यकता इस बात की है कि इस मुद्दे को सही नजरिये से और व्यापक अर्थों में लिया जाए। इसमें दो राय नहीं कि आरक्षण प्रतिशत विभिन्न वर्गों और तबकों की रोजगार समस्या का हल नहीं हो सकता। इसे इस रूप में पेश करने वाली राजनीति किसी का भला नहीं करती। लेकिन जाति आज भी हमारे समाज की एक कड़वी सचाई है, जिससे मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। और चुनावों के समय लगभग हर पार्टी जाति का सहारा लेती ही है, कहे कुछ भी। टिकट चयन से लेकर पदाधिकारियों की नियुक्ति तक में पार्टियां कहीं न कहीं जाति को आधार बनाकर ही काम करती हैं।

जाहिर है किसी भी तर्क से इस सचाई को छुपाने या इसे अंधेरे में रहने देने की वकालत करना सही नहीं होगा। अगर 2002 की जनगणना में ग्रामीण परिवारों की सामाजिक आर्थिक स्थिति के साथ-साथ कुछ जाति संबंधी आंकड़े भी जुटाए जा चुके हैं तो यह काफी नहीं। समाज के हालात समय के साथ बदलते रहते हैं। ऐसे में दो या तीन दशक पहले के आंकड़ों से काम चलाते रहना कोई अच्छा विकल्प नहीं कहा जाएगा। मौजूदा हालात से जुड़ी ताजा हकीकत पता करने और उसे समय-समय पर अपडेट करते रहने की जरूरत है ताकि नीतियां बनाते समय अनुमान से काम लेने की मजबूरी न रहे। हमारी आदत ही पड़ गई है कि हम कल्याणकारी योजनाएं तक अनुमान के आधार पर ही करते हैं।

यही कारण है कि हर 10 साल में होने वाले सेंसस में देरी का मुद्दा भी प्रासंगिक है। यह आखिरी बार साल 2011 में हुआ था। अब कहा जा रहा है कि यह जनगणना 2024 आम चुनाव के बाद ही हो पाएगी। सेंसस न होने की वजह से अभी कल्याणकारी योजनाएं 2011 के आंकड़ों के आधार पर ही चलाई जा रही हैं, जिस पर तमाम विशेषज्ञ भी सवाल उठा चुके हैं। दस की जगह बारह साल हो गए, जनगणना नहीं हुई। फिर भी चुनावों के समय हर पार्टी अपने पास विधानसभा या लोकसभावार जातिगत आंकड़े निकाल कर रखती है। इसका आधार क्या होता है, नहीं कहा जा सकता। क्योंकि जाति आधारित जनगणना अभी तक नहीं हुई। फिर भी चुनावों में ये आंकड़े आ ही जाते हैं कि फलां क्षेत्र में इतने राजपूत हैं, इतने ब्राह्मण हैं, इतने अनुसूचित जाति के लोग हैं, इतने आदिवासी हैं।

असल में जातिगत संस्थाएं अपने स्तर पर ये काम करती रहती हैं। खासकर जो आरक्षित वर्ग की जातियां हैं, उनके संगठन जरूर ये काम करते हैं। और फिर उसी आधार पर आरक्षण की मांग की जाती है। जब आरक्षण दे ही रहे हैं, तो फिर जाति के आधार जनगणना करने में परेशानी क्या है? जनगणना के फार्म में जाति तो लिखी ही जाती है। अब उसमें जाति और उपजाति का भी उल्लेख होना चाहिए। जब मुद्दा बनता है, तो सारे आंकड़े साफ तौर पर सामने आने ही चाहिए। और फिर आरक्षण तो एक मुद्दा है, हम जब भी योजनाएं बनाते हैं, तो उनके लिए सही आंकड़ों की आवश्यकता होती है। हम सामान्य तौर पर अनुमान के आधार पर ही योजनाएं बना लेते हैं। आर्थिक या सामाजिक सर्वेक्षण भी कुछ पारदर्शिता के आधार पर होने चाहिए।

कुल मिलाकर देखा जाए तो भाजपा भी धीरे-धीरे ही सही जातिगत जनगणना की ओर बढ़ती दिख रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि अगली राष्ट्रीय जनगणना जाति आधारित ही होगी। इसके लिए सभी दलों में बातचीत होना चाहिए। सर्वदलीय बैठक भी कर सकते हैं, आम सहमति के साथ ये कार्य हो तो बेहतर होगा।

# चुनाव कानून और फैसले

**विनय झैलावत**

चुनावों के इस मोसम में राजनैतिक पार्टीयों को अपने उम्मीदवारों द्वारा किए गए अपराधों की जानकारी देना पड़ रही है। यह सर्वोच्च न्यायालय के आदेषों के कारण उन्हें मजबूरीवष देना पड़ रही है। लेकिन आपराधिक मामलों की आम जनता को जानकारी देने की एक लंबी और निरंतर कहानी है। सन् 1999 में एसोसिएषन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर करने के साथ शुरू हुई थी। इसमें अनुरोध किया गया था कि संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार जिनके खिलाफ आपराधिक मामले लंबित है, उन्हें अपना नामांकन पत्र दाखिल करते समय आपराधिक मामलों का खुलासा करना आवश्यक है। उच्च न्यायालय ने 2 नवंबर, 2000 को दिए गए फैसले में अनुरोध को स्वीकार किया। सर्वोच्च न्यायालय ने आदेष दिया कि सांसद और विधायक चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों को अपने नामांकन पत्रों के एक आवश्यक हिस्से के रूप में शपथ पत्र दाखिल करने की आवष्यकता होगी, जिसमें उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों को घोषित किया जाएगा।

उच्च न्यायालय का यह निर्णय उस समय की सरकार को अस्वीकार्य लग रहा था। इसलिए भारत संघ ने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में एक विषेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर की। कई राजनीतिक दल सरकार के समर्थन में मामले में हस्तक्षेप करने लगे। दावा किया गया कि यह एक विधायी मामला है और न्यायपालिका के पास इस मामले में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2 मई, 2002 को दिए गए अपने फैसले में उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि इस न्यायालय के बहुत से निर्णयों का समग्र अध्ययन से यह स्पष्ट है कि यदि विधायिका और कार्यपालिका के क्षेत्र को लोकहित के विपरित कार्य करने के लिए छोड़ दिया जाता है, तो इस न्यायालय के पास संविधान के अनुच्छेद 141 और 142 के साथ पठित अनुच्छेद 32 के तहत लोक हित को कम करने के लिए कार्यपालिका को आवष्यक निर्देष जारी करने के लिए पर्याप्त अधिकार क्षेत्र होगा।

उक्त आदेश भी राजनीतिक दलों को स्वीकार्य नहीं था। इस निर्णय के खिलाफ एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई थी। इसमें यह निर्णय लिया गया कि उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों को लागू नहीं होने दिया जाएगा और इसके लिए संसद के उसी सत्र में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन किया जाएगा। इसके लिए मंत्रिमंडल ने एक अध्यादेश जारी करने का निर्णय लिया। अध्यादेश को हस्ताक्षर के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा गया। लेकिन राष्ट्रपति ने हस्ताक्षर किए बिना अध्यादेश को वापस कर दिया। इसके बाद मंत्रिमंडल ने इसे फिर से ठीक उसी रूप में राष्ट्रपति के पास भेजा और स्थापित परंपरा के बाद, राष्ट्रपति को इस पर हस्ताक्षर करने पड़े। इस प्रकार जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन किया गया और उच्चतम न्यायालय के फैसले को अप्रभावी बना दिया गया।



इस संशोधन की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय में तीन जनहित याचिकाएं दायर की गई। उच्चतम न्यायालय ने 13 मार्च, 2003 को दिए गए एक ऐतिहासिक फैसले में घोषणा की कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम का संशोधन संवैधानिकता की कसौटी पर खरा नहीं उतरता और इसके परिणामस्वरूप अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत स्वतंत्रता की गारंटी का उल्लंघन हुआ है। अनुच्छेद 19 (1) (ए) बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार है। इस तरह मतदाताओं को पहली बार संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि का पता चला।

इस कहानी का अगला चरण सन् 2011 में शुरू हुआ। पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेषन नामक एक नागरिक समाज संगठन ने सर्वोच्च न्यायालय में एक और जनहित याचिका दायर कर राजनीति का गैर-आपराधिक बनाने की मांग की और सर्वोच्च न्यायालय से अनुरोध किया कि यह सुनिश्चित करने के लिए उचित दिशा निर्देश/ढांचा निर्धारित करें कि गंभीर आपराधिक अपराधों के आरोपी चुनाव लड़कर राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने में असमर्थ है और कुछ अन्य अनुरोधों के साथ छह महीने की समय सीमा निर्धारित करें, जिसके दौरान ऐसे व्यक्तियों के मुकदमे को समयबद्ध तरीके से समाप्त किया जाता है। उच्चतम न्यायालय ने 10 मार्च, 2014 को एक आदेश जारी किया। इसमें निर्देश दिया गया कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई जितनी संभव हो सके उतनी तेजी से की जाए। किसी भी मामले में आरोप तय होने की तारीख से एक साल बाद नहीं की जाए।

इस बीच, सन् 2005 में दायर एक जनहित याचिका पर 27 अगस्त, 2014 को निर्णय लिया गया। मामला मनोज नरूला बनाम भारत संघ का था। याचिका में यह कहा गया था कि गंभीर और जघन्य अपराधों में शामिल होने के बावजूद भारत के केंद्रीय मंत्रिपरिषद में इन्हें नियुक्त किया गया है। मूल रूप से, जनहित याचिका की सुनवाई तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा की गई। 24 मार्च, 2006 को यह निर्णय दिया गया था कि समस्या की गंभीरता और इसके महत्वपूर्ण महत्व को ध्यान में रखते हुए, यह उचित है कि याचिका की सुनवाई पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा की जाए। इस प्रकार पांच न्यायाधीशों ने अगस्त 2014 में फैसला सुनाया था। तीन न्यायाधीशों के बहुमत के फैसले ने इसे प्रधानमंत्री के विवेक पर छोड़ दिया था। यह कहा गया कि प्रधानमंत्री से हमेशा यह उम्मीद की जाती है कि वे आपराधिक पृष्ठभूमि वाले ऐसे व्यक्ति को नहीं चुने, जिसके खिलाफ जघन्य या गंभीर आपराधिक अपराधों या भ्रष्टाचार के आरोपों के लिए आरोप हैं। यह भी कहा कि यह प्रधानमंत्री से संवैधानिक अपेक्षा है।

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि उसके पास संविधान के अनुच्छेद 141 और 142 के साथ पठित अनुच्छेद 32 के तहत पर्याप्त अधिकार क्षेत्र है कि वह कार्यपालिका को लोकहित में काम करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर सके। न्यायालय ने कहा कि इन निर्देशों को लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सही भावना और सही गंभीरता से लागू किया जाना चाहिए। किसी कानून या विधायी अधिनियम में कुछ खामियां हो सकती हैं। इन्हें निश्चित रूप से विधायिका द्वारा संबोधित किया जा सकता है यदि यह स्थिति को सुधारने के लिए सही सोच वाले उचित इरादे, मजबूत संकल्प और दृढ़ इच्छाशक्ति द्वारा समर्थित हो।

यह भी ध्यान में रखा जाना चाहिए कि संबंधित अधिकारियों द्वारा इसके कड़े कार्यान्वयन की कमी के लिए कानून को हमेशा दोषी नहीं पाया जा सकता है। इसलिए, यह सभी संबंधितों की गंभीर जिम्मेदारी है कि वे राजनीति और लोकतंत्र में शुद्धता की संस्कृति को बढ़ावा देने और एक जानकार नागरिक को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर इस न्यायालय द्वारा निर्धारित कानूनों और निर्देशों को लागू करें। क्योंकि अंततः यह नागरिक ही हैं जो एक राष्ट्र में राजनीति के भाग्य और पाठ्यक्रम का फैसला करते हैं। वे इस तरह यह सुनिश्चित करते हैं कि हम अपने योग्यता से बेहतर शासित नहीं होंगे। इस प्रकार उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि के बारे में पूरी जानकारी नागरिकों द्वारा बुद्धिमान निर्णय लेने और उम्मीदवारों का विकल्प का आधार बनती है। उम्मीदवारों का विकल्प एक शुद्ध और मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला है।

सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय अपनी सभी आशाओं और आकांक्षाओं को व्यक्त करने के बाद, निर्णय एक पवित्र टिप्पणी पर समाप्त होता है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हमें यकीन है, इस देष के लोकतंत्र की कानून बनाने वाली शाखा इस दुर्भावना को ठीक करने की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेगी। इस तरह की घातकता लाइलाज नहीं है। यह केवल उस समय और चरण पर निर्भर करता है जब कोई इसका इलाज करना शुरू करता है। इससे पहले कि यह लोकतंत्र के लिए घातक हो जाए, जितनी जल्दी हो सके इसका इलाज उतना ही बेहतर है।

# मध्यप्रदेश में अपनों और परायों के निशाने पर आती कांग्रेस

**-अरुण पटेल**

मध्यप्रदेश में इस माह हो रहे विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए अब केवल 11 दिन शेष हैं और इसके साथ ही अपनों और भाजपा दोनों के निशाने पर कांग्रेस पार्टी आ गई है, क्योंकि वह फिर से अपनी सरकार बनाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है तो वहीं भाजपा भी फिर से राज्य में सरकार बनाने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने दे रही है। भाजपा ने अपने राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेताओं की फौज चुनाव प्रचार में लगा दी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तूफानी दौरा कर रहे हैं। जहां तक कांगेस का सवाल है उसके स्टार प्रचारकों में मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी ही रहेंगे, बाकी और कोई कांग्रेस में ऐसा नेता नहीं है जिसके लिए भीड़ जुट सके।

हालांकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ मैदान में हैं और उनकी सभाओं में भी अच्छी-खासी भीड़ आ रही है। दिग्विजय सिंह भी पूरी तरह सक्रिय हो गये हैं और उनका ध्यान कांग्रेस की हारी हुई सीटों को जीतने पर अधिक लगा है। वैसे भी अन्य प्रत्याशियों के क्षेत्र में भी वे प्रचार करने जाने वाले हैं। भाजपा और कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं की बड़ी फौज राज्य में जगह-जगह तैनात हो गई है और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोपों की झड़ी लगा रही हैं। कांग्रेस पर भाजपा के साथ ही आईएनडीआईए में शामिल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गरज-बरस रहे हैं तो मायावती और अरविन्द केजरीवाल भाजपा तथा कांग्रेस दोनों को ही निशाने पर लिए हुए हैं। कांग्रेस पर सबसे तीखा हमला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खंडवा एवं सिवनी जिले की आमसभाओं में करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस मध्यप्रदेश को अपनी पार्टी का एटीएम बनाना चाहती है और प्रदेश के दो कांग्रेस नेता (कमलनाथ व दिग्विजय सिंह का नाम लिए बिना) अपने बेटों को सेट करने के चक्कर में एमपी को अपसेट कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी के नाम पर कांग्रेस वोट मांग रही है, उसका न तो कोई अपना भविष्य है और न ही उसके पास युवाओं के भविष्य के लिए कोई योजना ही है तथा न ही कोई रोडमैप है। मोदी ने बिना नाम लिए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर तंज करते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग आज भी कहते हैं कि हमारे दादा-दादी, नाना-नानी ने यह किया था इसलिए हमें वोट दो।



मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी का श्रेय सिर्फ एक ही परिवार के नाम कर दिया और कांग्रेस के लिए इस एक परिवार से बड़ा और कोई है ही नहीं। वहीं कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आईएनडीआईए के सहयोगी समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव लगातार हावी होने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी नाराजगी कांग्रेस की ओर से आईएनडीआईए के तहत सपा के साथ विधानसभा चुनाव न लड़ने को लेकर है। अपनी सभा में अखिलेश ने कांग्रेस पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस को वोट न देने की अपील की है। उनका कहना था कि कांग्रेस को वोट मत देना यह बहुत चालू पार्टी है। मध्यप्रदेश के लोगों ने देखा है कि अगर किसी पार्टी ने गठबंधन को धोखा दिया है तो वह कांग्रेस पार्टी है। प्रदेश की बदहाली के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों ही जिम्मेदार हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि यह हमारी गलती है कि हमने 80 साल की उम्र वालों पर भरोसा कर लिया कि वे हमें पहचानेंगे, पिछली बार जब सरकार बनी थी तब हमें खोज रहे थे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय कम्युनिकेशन प्रमुख एवं सांसद जयराम रमेश ने कहा है कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर आगामी वर्ष एक जनवरी से महिलाओं के खाते में 1500 रुपये जमा होने लगेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल संबंधी प्रश्न के उत्तर में उनका कहना था कि हम भाजपा के दो घोड़े ईडी और सीबीआई से लड़ रहे हैं ये मोदी के अस्त्र हैं, भाजपा घबराई हुई है तथा यह एक राजनीतिक साजिश है। उन्होंने केंद्र सरकार पर एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। इस प्रकार अभी तो यह आगाज है धीरे-धीरे तल्खियां और बढ़ती जायेंगी और चुनाव प्रचार के अंतिम दिन अपने चरम पर पहुंच कर थम जायेंगी।

# चुनावी चकल्लस में रेवड़ियों के साथ-साथ जोड़ियों की चर्चा

**अजय बोकिल**

मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में इस बार रेवड़ियों के साथ राजनीतिक जोड़ियों को लेकर भी खूब बवाल मचा है। बात 'शोले' के 'जय-वीरू' से शुरू होकर मेरे अपने के श्याम- छेनू से होते हुए 'गब्बरसिंह और सांभा' तक पहुंची।

इस जोड़ियों का जिक्र कभी राजनीतिक विरोधियों का चरित्र उजागर करने तो कभी सियासी संदर्भ में अपनी अटूट मैत्री जताने के भाव से किया जा रहा है। लेकिन जिस शाश्वत् मैत्री को दर्शाने के लिए जिन जोड़ियों का जिक्र किया गया, वो स्वयं अपने आप में नकारात्मक फिल्मी चरित्र रहे हैं। ऐसे में ऐसी उपमा देने और रूपक बांधने वाले नेताओं का मानस और सोच पर भी सवाल उठते हैं।

चाहे कांग्रेस हो या भाजपा, राम का नाम किसी न किसी न संदर्भ में चुनाव में लिया जा रहा है, लेकिन किसी ने भी किसी की तुलना 'राम- लखन' की जोड़ी से नहीं की, शायद इसलिए क्योंकि राजनीति में नैतिक जीवन जीने, मर्यादाओं में रहने और वचन निभाने की बात महज जुमलेबाजी से ज्यादा नहीं है। ऐसे में कोई राम- लखन नहीं बनना चाहता। बनना चाहता है तो 'जय वीरू' या 'श्याम छेनू वगैरह।' गहराई से देखें तो यह भारतीय राजनीति और राजनेताओं के मानस में आई गुणात्मक गिरावट को भी परिलक्षित करता है।

कहते हैं कि राजनीति में न तो कोई स्थायी दोस्त होता है और न ही कोई कायम दुश्मन। राजनीतिक दोस्ती और दुश्मनी अवसरवाद और स्वार्थ सिद्धी के हिसाब से संचालित होती है और बिखरती है। यहां कब जानी दुश्मन एक- दूसरे को गले लगाने लगें और कब एक- दूसरे का गला काटने लगें, कोई नहीं जानता और ऐसा करने के वाजिब तर्क भी गढ़ लिए जाते हैं।

**मप्र के विधानसभा चुनाव बीजेपी और कांग्रेस का गणित**

मप्र के विधानसभा चुनाव में इस बार जहां मतदाताओं को खुलकर रेवड़ियां बांटने की दोनों प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में होड़ मची है, वहीं दोनो पार्टियों के शीर्ष नेता एक दूसरे को खारिज करने अथवा स्वयं को 'दो जिस्म एक जान' बताने के लिए मिथक बन चुकी फिल्मी जोड़ियों के नामों का सहारा ले रहे हैं।




चुनाव प्रचार के घमासान में बात 'शोले' के अमर चरित्र 'जय और वीरू' की जोड़ी के जिक्र से शुरू हुई। राज्य में कांग्रेस के दो शीर्ष नेताओं कमलनाथ और दिग्विजय के बीच अनबन की खबरों का खंडन करते कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने मीडिया से कहा कि दोनो शोले के जय और वीरू की जोड़ी हैं। अर्थात् दोनो मिलकर एक ही लक्ष्य के लिए काम कर रहे हैं, जिसका मकसद बदला लेना है। लेकिन सुरजेवाला भूल गए कि शोले के जय और वीरू पेशे से चोर थे, जिन्हें डाकुओं से बदला लेने की सुपारी एक ठाकुर ने दी थी।

जय और वीरू की दोस्ती भले 'दम तोड़ने तक कायम' रहने वाली थी। लेकिन उनकी पृष्ठभूमि नकारात्मक थी। बीजेपी ने इस तुलना को हाथों-हाथ लेकर कांग्रेस पर जवाबी हमले शुरू कर दिए। मजे लेने के अंदाज में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि 'जय- वीरू' 'की यह जोड़ी लूट के माल के लिए है।

प्रदेश भाजपाध्यक्ष वी.डी.शर्मा ने इसे कांग्रेस की लुटेरी जोड़ी बताया। इस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पलटवार किया कि शिवराज जी, जय और वीरू ने ही अत्याचारी गब्बर सिंह का हिसाब किया था। मध्य प्रदेश 18 साल से अत्याचार से त्रस्त है। अब अत्याचार के अंत का समय आ गया है। लेकिन इन्हीं 'जय वीरू' में केन्द्रीय मंत्री और दिमनी सीट से भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह तोमर ने 'पक्की दोस्ती' का सकारात्मक तत्व बूझते हुए स्वयं को और मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को 'जय- वीरू की जोड़ी बताया। उस वक्त उनका आशय शायद डाकू गब्बर का खात्मा करने वाले जय- वीरू से था। इसका अर्थ यह हुआ कि भाजपा वाले 'जय-वीरू' की जोड़ी की व्याख्या भी सुविधा से परिवारवादी अंदाज में करते हैं।

**शिवराज सिंह चौहान की श्याम छेनू की जोड़ी**

उधर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने जब जय-वीरू की दो व्याख्याएं सामने आईं तो उन्होने तुरंत ट्रैक बदला और कमलनाथ-दिग्विजय की जोड़ी को गुलजार की यादगार फिल्म 'मेरे अपने' की जोड़ी 'श्याम- छेनू' से कर दी। ये जोड़ी भी गांव के रंगदारों की थी, जिनमें मोहल्ले पर कब्जे को लेकर प्रतिस्पर्द्धा चलती है।

ये चरित्र भी समाज के लिए नकारात्मक ही थे। इस पर कमलनाथ का पलटवार था कि शिवराजजी अपनी अदाकारी के लिए मशहूर हैं। अब नरेन्द्र तोमर भी फिल्मी पात्रों पर शोध कर रहे हैं। उन्होंने कटाक्ष किया कि अब भाजपा इमर्जेंसी मीटिंग बुलाकर तय कर ले कि इन दोनो में गब्बर है और सांभा है।

यानी मामला अब चोरी, रंगदारी से बढ़कर डाका डालने वाले चरित्रों तक पहुंच गया। चरित्र हनन के आरोप- प्रत्यारोपों के बीच भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपनी सभा में जनता से पूछा कि 'जय वीरू' कौन थे तो जवाब आया 'चोर थे।' यही नहीं एक सभा में ज्योतिरादित्य ने खुद को ऐसा काला कौआ बताया जो झूठ बोलने वाले को काटता है। उनका निशाना भी उनकी पूर्व पार्टी कांग्रेस के शीर्ष नेता थे। अब यह अलग बात है कि झूठ बोलने वाले कौव्वे का कोई इलाज शास्त्रों में नहीं बताया गया है।

हैरानी की बात यह है कि हिंदी फिल्मों में नायकों की जो जोड़ियां चर्चा में रही हैं, वो प्राय: नकारात्मक चरित्रों से सम्बन्धित ही हैं। भले ही महिमा मंडित करने के लिए बाद में उनसे सत्कर्म कराने पर दिया गया हो। मसलन फिल्म 'विक्टोरिया नंबर 203 के किडनैपर राजा और राना की जोड़ी हो या फिर गुमशुदा करोड़पति लड़की को खोजने वाले कथित 'दो जासूस' धरमचंद करमचंद की जोड़ी हो। एक हिट जोड़ी फिल्म 'छोटे मियां, बड़े मियां' के दो पुलिस इंस्पेक्टर दोस्तों 'अर्जुनसिंह और प्यारेमोहन' की भी है, लेकिन उनसे अपनी तुलना कोई राजनेता नहीं करना चाहता।

अब सवाल यह है कि राजनेताओं को 'जय-वीरू टाइप चरित्र ही क्यों भाते हैं? ऐसी दोस्तियां ही उन्हें अनुकरणीय क्यों लगती हैं? इसका राजनेताओं के मनोविज्ञान और नैतिकता से कितना और कैसा सम्बन्ध है? क्या वो जनता के मानस को बेहतर ढंग से समझते हैं और क्या जनता भी ऐसे ही चरित्रों और दोस्तियों को सत्ता सिंहासन पर विराजमान होना क्यों देखना चाहती है? और अगर ऐसे ही चरित्र समाज को स्वीकार्य हैं तो हमे राजनीति में नीतिमत्ता की बात क्यों कर करना चाहिए?

# बताइए, तरक्की के दावों की सार्थकता क्या है?

**-राकेश दुबे**

आखिर सरकार चाहती क्या है? कोरोना काल में तीन महीने के लिये शुरू हुई मुफ्त राशन योजना अब तक छह बार अवधि बढ़ाई गई है, लेकिन इस बार इसे सीधे पांच साल तक के लिये बढ़ाया गया है।क्या कहे इसे? ऐसे वक्त में जब पांच राज्यों के चुनाव सिर पर हैं और देश आम चुनावों की ओर बढ़ रहा है छत्तीसगढ़ के चुनाव अभियान के दौरान प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि देश के 80 करोड़ लोगों को दिया जाने वाला मुफ्त राशन अगले पांच साल तक मिलता रहेगा। इस बार इसे सीधे पांच साल तक के लिये बढ़ाया गया है। निस्संदेह, जरूरतमंदों व समाज के वंचित लोगों को सरकार की ओर से संबल मिलना चाहिए ताकि भूख व कुपोषण के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा सके।

ऐसे प्रयास महज राजनीतिक उद्देश्यों के लिये भी नहीं होना चाहिए। यह घोषणा तब हुई जब छत्तीसगढ़ में चुनाव के चंद दिन बाकी हैं। वहीं दूसरी ओर यह भी सुनिश्चित होना चाहिए कि समाज के आर्थिक दृष्टि से सक्षम लोग इस योजना का दुरुपयोग न करें। विगत में ऐसे मामले भी प्रकाश में आए हैं जब समाज के सक्षम व आर्थिक दृष्टि से बेहतर लोग व्यवस्था की विसंगतियों का लाभ उठाकर मुफ्त राशन ले रहे थे। जाहिर है इस चुनावी वेला में इस दिशा में जांच-पड़ताल की संभावना कम ही होगी क्योंकि इस घोषणा के राजनीतिक निहितार्थ भी हैं। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की तार्किकता को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। प्रश्न यह है कि क्या यह घोषणा विपक्षी दलों की गारंटी योजना व मुफ्त की योजनाओं के मुकाबले के लिए है?

इस साल दिसंबर में पूरी हो रही योजना के अगले पांच सालों तक जारी रहने का बड़ा दबाव देश के अन्न भंडारण पर पड़ सकता है। दरअसल, यह योजना 2020 में तब शुरू हुई थी जब कोरोना संकट के चलते उत्पन्न विषम स्थितियों में एक बड़ी आबादी के सामने खाने-पीने का संकट पैदा हो गया था। लेकिन सामान्य स्थिति में इस योजना को लगातार आगे बढ़ाने की तार्किकता भी होनी चाहिए। उल्लेखनीय है योजना में हर माह पांच किलो गेहूं या चावल और एक किलो दाल मुफ्त दी जाती है।

सहज आशंका जतायी जा रही है कि कहीं इस योजना के चलते देश में एक बड़ी आबादी में अकर्मण्यता की सोच विकसित न हो जाए। कहा जा रहा है कि हाल के दिनों में मनरेगा जैसी योजनाओं में पंजीकरण में कमी आई है। निस्संदेह, मुफ्त की प्रवृत्ति व्यक्ति की क्रियाशीलता को प्रभावित करती है। तार्किक बात तो यह है कि समाज के कमजोर वर्ग को संसाधन व आर्थिक रूप से ऐसी मदद की जानी चाहिए ताकि वे स्वावलंबी बन सकें। फिर आत्मनिर्भर बनकर देश की उत्पादकता में योगदान कर सकें।

भारत युवाओं का देश है। इस देश की युवा शक्ति, चाहे वह वंचित समाज या कमजोर वर्ग से हो, श्रमशील बननी चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अस्सी करोड़ की आबादी एक बड़ी संख्या होती है, जो दुनिया के दर्जनों देशों की आबादी के बराबर होगी। सवाल यह भी है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी यदि हमें अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देना पड़ रहा है तो तरक्की के दावों की सार्थकता

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# जनसंपर्क के साथ भाजपा में बैठकों का दौर हुआ तेज



बैरसिया। विधानसभा चुनाव में जनसंपर्क के साथ-साथ बैठकों का दौर तेजी से शुरू हो गया है। बैरसिया विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं के कोर ग्रुप की बैठक चुनाव प्रचार कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में चुनाव की रणनीति को लेकर लंबी बैठक चलती रही। बैठक में भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री, जिला अध्यक्ष केदार सिंह मंडलोई, पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह राठौड़, विधानसभा प्रभारी गोपाल सिंह मीणा, वरिष्ठ नेता राजमल गुप्ता, वरिष्ठ नेता गोविंदराम गुर्जर, वरिष्ठ नेता पर्वत सिंह पटेल, वरिष्ठ नेता गोपालदास आगर, वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव एवं विधानसभा संयोजक वासुदेव गुप्ता मौजूद रहे। इधर भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर प्रतिदिन भाजपा परिवार में बढ़ोत्तरी हो रही है। विधानसभा के बड़ी अमरपुर से एक दर्जन कार्यकर्त्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली, वही सोमवार को परवलिया मंडल में भाजपा प्रत्याशी ने अपना जनसंपर्क किया। इसके अलावा भाजपा के सभी संगठनों के कार्यकर्ता अलग-अलग क्षेत्रों में डोर-डोर जनसंपर्क करने में जुट गए है।

# आबकारी विभाग की लगातार सुदूर तथा संवेदनशील क्षेत्र में कार्यवाही जारी

**खरगोन//** कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के आदेश पर आबकारी विभाग के संयुक्त द्वारा लगातार सुदूर तथा संवेदनशील क्षेत्रों में कार्यवाही की जा रही है। आज 06 नवंबर को वृत कसरावद, भीकनगांव, बड़वाह तथा महेश्वर द्वारा सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री बसंत भीटे के नेतृत्व में वृत कसरावद के ग्राम मिर्जापुर, बोरावां तथा बहादरपुरा में दबिश देकर कार्यवाही की गई। वृत प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश मालवीय द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 07 प्रकरण पंजीबध्द कर 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाही में अलग-अलग स्थानों से 220 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की गई तथा 4500 किलोग्राम महुआ लहान जब्त कर सेम्पल लेकर मौके पर लहान नष्ट किया गया है। इस कार्यवाही में जब्त मदिरा व सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 5 लाख 50 हजार रुपए है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्री मोहन लाल भायल, श्री मुकेश गौर, श्री देवराज नगीना तथा आबकारी मुख्य आरक्षक गणपत सागौरे, आरक्षक शिवनारायण कटारे, संतोष वर्मा, गोविंद सेल्टिया एवं रीता सिंगोरिया का सराहनीय योगदान रहा।

# दीपावली पर रहेगा 5 दिन का अवकाश बढ़ेगा मतदान प्रतिशत



नर्मदापुरम /// दीपावली का अवकाश 10 नवंबर से शुरू होकर 15 नवंबर तक रहेगा इसमें दूर दराज व अन्य प्रदेशों में पढ़ने वाले या प्राइवेट जॉब करने वाले युवक युवतिया, छात्र-छात्राएं अपने शहर अपने घर आएंगे और वह निश्चित ही मतदान करके वापस जाएंगे जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ सकता है। क्योंकि 10 से 15 नवंबर तक अवकाश है 16 नवंबर को 1 दिन वर्किंग डे रहेगा, 17 तारीख को मतदान के चलते फिर अवकाश रहेगा 18 नवंबर शनिवार एक और 19 नवंबर को रविवार है तो निश्चित ही युवा और छात्र-छात्राओं का मतदान प्रतिशत काफी हद तक बढ़ सकता है । मालूम हो कि प्रदेश के हर शहर का युवा बाहर जाकर शासकीय या प्राइवेट नौकरी कर रहा है, वहीं हायर सेकेंडरी के बाद बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं बाहर हायर एजुकेशन के लिए जाते हैं और साल में एक बार दीपावली पर अवश्य अपने घर आते हैं ,इन्हीं अवकाश समय में मतदान हो रहा है तो निश्चित ही मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा और उसके सार्थक परिणाम भी सामने आने की संभावना है।

# एसडीएम ने किया खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

नर्मदापुरम- दिपावली पर्व के चलते शहर के क्षेत्र खेड़ा इंडस्ट्रियल में स्थित मेहमान नमकीन फैक्ट्री पर बनाए जा रहे नमकीन एवं अन्य सामग्रियों का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती नीता कोरी, खाद्य निरीक्षक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारीयों की उपस्थिति में निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री में बन रहे ,खाद्य सामग्री का सैंपल लिया जिसमें वहां बन रहे लड्डू एवं वनस्पति का सैंपल लिया गया7 साथ ही फेक्ट्री में काफी गंदगी भी देखने को मिली जिसको तत्काल साफ करने के निर्देश दिए गए।

# नरसिंहपुर - रायसेन सीमा पर चेकिंग के दौरान हुई कार्रवाई ,कांग्रेस प्रत्याशी के भाई की गाड़ी से 50 लाख हुए जप्त



बरेली 7 चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है जगह-जगह नाकेबंदी कर चेकिंग की जा रही है जिससे अवैध गतिविधियां संचालित ना हो सके वहीं नरसिंहपुर जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 120- तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले सुआतला थाना अंतर्गत मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एफएसटी 3 एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने नेशनल हाईवे 44 पर सिद्धी विनायक ढाबे के पास काले रंग की स्कार्पियों क्रमांक एमपी 04 जेडई 9962 के वाहन चालक बरेली जिला रायसेन उदयपुरा विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी विधायक देवेंद्र सिंह पटेल के भाई श्रवण पटैल जो नरसिंहपुर से रायसेन की ओर जा रहा था इस दौरान उनके वाहन की जांच के दौरान 50 लाख रुपये नगद जब्त किये। वाहन चालक द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर टीम ने 50 लाख रुपये जब्त कर जांच में लिया। इस दौरान एफएसटी प्रभारी गौरव बानखेडे, संतोष कुमार, आरक्षक सोनू सतारे, सोहन पटेल एवं संतोष पटेल मौजूद थे। सूत्रों के हवाले से माना जा रहा है एवं पान-गुमठी दुकान सहित क्षेत्र में चर्चा है कि क्या यह पैसा चुनाव में खर्च होने आ रहा था उदयपुरा विधानसभा में कहीं धनबल का उपयोग कर कांग्रेस चुनाव में दांव तो नहीं खेलना चाहती ? यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि पैसा किस लिए लाया जा रहा था 7

# कमलनाथ झूठी घोषणा करने वाले नहीं बल्कि वचननाथ है, प्रदेश की जनता और महिलाओं को दिए हरएक वचन को पूरा करेंगे - रेखा चौधरी

## प्रदेश कांग्रेस महासचिव व जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष रेखा चौधरी ने गरीब, मजदूर और दलित व पिछड़ा वर्ग बहुल बस्तियों में दी घर घर दस्तक

सागर/ मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव और सागर जिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष रेखा चौधरी ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी के साथ आज गरीब, मजदूर और दलित व पिछड़ा वर्ग बहुल काकागंज क्षेत्र में घर घर दस्तक दे कर कांग्रेस प्रत्याशी निधि जैन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।

प्रदेश कांग्रेस महासचिव रेखा चौधरी ने दलित और गरीब मजदूरों की बस्ती काकागंज क्षेत्र के हरदौल बाबा गली, देवरी वालों का फर्श, रविदास मंदिर से मोंगा बंधान, मरघट वाली गली, आफतगंज, बड़ी देवी मंदिर, आदि क्षेत्रों की तंग गलियों तक पहुंचकर व्यापक जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग, महिलाओं और गरीब मजदूरों पर भाजपा की सरकार के अन्याय और अत्याचार को खत्म करने का समय आ गया है। इस प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के साथ मुख्यमंत्री के रूप में कमलनाथ जी आने वाले हैं जो पूरे प्रदेश में हर वर्ग के लिए खुशहाली लाने वाले हैं। उन्होंने आगे कहा कि कमलनाथ जी शिवराज सिंह की तरह झूठी घोषणा करने वाले नहीं बल्कि वचननाथ है जो इस प्रदेश की जनता और महिलाओं को दिए गए वचन पूरा करेंगे। इस दौरान क्षेत्र की महिलाओं ने कहा कि उनके हिस्से की बीएलसी की किस्तों, निराश्रित पेंशन तथा राशन में बड़े स्तर पर दलाली और कमीशन लेकर उनके हकों को बीजेपी के बिचौलिए खा गए हैं। जिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष रेखा चौधरी ने मतदाताओं से कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर उनके साथ हुए इस पक्षपात को खत्म कर दलाली राज का भी खात्मा कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से द्वारका चौधरी पुष्पा रैकवार मीरा अहिरवार गीता अहिरवार उर्मिला अहिरवार उमा चौरसिया भाग बाई लक्ष्मी अहिरवार गुलाब रानी गोरा रानी कृष्ण रैकवार मंजू रैकवार राधा रैकवार रुक्मण पटेल जानकी रैकवार अलका प्रजापति गेंदाबाई चंपाबाई सुखरानी जीजी सविता बाई सागर साहू पटेल आदि ने हाथ के पंजे वाला बटन दबाकर कांग्रेस प्रत्याशी निधि सुनील जैन को भारी बहुमत से विजयी बनाते हुए प्रदेश में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार बनाने का आवाहन क्षेत्रीय जनता से किया।



# गौहरगंज के शासकीय चिकित्सालय के हालातों पर जिम्मेदारों द्वारा अनदेखी




औबेदुल्लागंज संवाददाता (सुरेश केवट) सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गौहरगंज के हालातो से आम-जन चिंतित होते दिख रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पताल में सुबह 10 बजे से दौपहर 02 बजे तक डॉक्टर रुकते हैं। तहसील स्तर के अस्पताल की बिल्डिंग बन तो, गई है परंन्तु अधिकांश एमबीबीएस डॉक्टर शासकीय अस्पताल में स्थायी रूप से मौजूद नही है। मुख्यालय पर डॉक्टर 24 घण्टे उपलब्ध नही होने से लोगों को बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। गौहरगंज अस्पताल के अधिकत्तर लोग औबेदुल्लागंज जाते हैं या फिर प्राइवेट दिखाने को मजबूर होते हैं। 108 ऊक्त स्थल पर मौजूद नही है, एक्सरे मशीनें नही है एवं टांके लगाने की सुविधा भी नही है। विश्वशनीय सूत्रों की माने तो यहाँ के प्रभारी डॉक्टरों को औबेदुल्लागंज बुला लिया जाता है, जिससे गौहरगंज व आस-पास ग्रामीण परेशान रहते हैं। गौहरगंज के डॉक्टर्स को औबेदुल्लागंज बुला लिया जाता है वहीं, अपरसत्र न्यायाधीश, अनुविभागीय अधिकार कार्यालय व तहसील कार्यालय हैं। ग्राम व आस-पास के ग्रामीणोजन की दशो-दिशा उचित उपचार को लेकर उदासीन प्रतीत हो रहा है।

### इनका कहना

÷गौहरगंज में तीन डॉक्टर हैं। यहां पांच डॉक्टर थे जिनमें से 03 डॉक्टर नही हैं व पीजी पर गये हैं।कोई बॉनडेड डॉक्टर न होने से थोड़ी समस्या आ रही है। औबेदुल्लागंज में भी 02 अन्य डॉक्टर की ज़रूरत थी क्योकि यहां एमबीबीएस डॉक्टरों की संख्या कम हो गई है, इसलिए वहां से डॉक्टर बुला लेते हैं। आगे स्थिति ठीक करवाते हैं। अभी कुछ समय के बाद सब ठीक हो जायेगा।÷

**डॉ. अमरीता जीवाने, बीएमओ, औबेदुल्लागंज ब्लॉक**

## भाजपा प्रत्याशी उदयप्रताप सिंह को मिल रहा गांव-गांव भारी जन समर्थन

# प्रदेश की आदर्श विधानसभा के रूप में विकसित होगी गाडरवाड़ा विधानसभा :उदयप्रताप सिंह



बरेली। देश के सर्वश्रेष्ठ 25 सांसदों में शामिल और मध्यप्रदेश में दमदार असरदार संसद के तौर पर नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र की आवाज को दिल्ली की संसद में बुलंद करने वाले सांसद राव उदयप्रताप सिंह को गाडरवारा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी बनाया गया है वहीं सांसद उदय प्रताप सिंह पूरी ताकत के साथ गाडरवारा विधानसभा में प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं गाडरवारा विधानसभा मैं भारतीय जनता पार्टी के भाजपा प्रत्याशी सांसद राव उदय प्रताप सिंह को गांव गांव भारी जन समर्थन जनता का मिल रहा है सोमवार को ग्राम बनवारी, कोस करपा, पिठहरा, कामती, आमगांव छोटा, खैरी, अजन्दा एवम खुर्सीपार मैं उदय प्रताप सिंह ने जनता से जनसंपर्क किया 7 श्री उदयप्रताप सिंह का गांव गांव भव्य स्वागत जनता द्वारा किया जा रहा है वहीं प्रत्याशी को जनता का अपूर्ण जन समर्थन भी मिल रहा है उदयप्रताप सिंह ने कहां भाजपा की जीत सुनिश्चित है और पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता विधायक होगा। हम भाजपा की रीतियों नीतियों के साथ क्षेत्र के स्वाभिमान की रक्षा करते हुए संपूर्ण सामर्थ्य के साथ गाडरवारा के विकास की नई इबारत लिखेंगे। मुझे दिल्ली से गाडरवारा भेजा गया है कि अब गाडरवारा विधानसभा के 40 किलोमीटर के पौने दो सौ गांव और 4 शहरों की सेवा करो मैं आप लोगों की सेवा में आया हूं सांसद रहते हुए हमेशा इस क्षेत्र की आवाज को मैंने संसद के अंदर बुलंद किया है किसान पीड़ित व्यापारी हर वर्ग की आवाज को संसद में उठाया है गाडरवारा विधानसभा से आपका आशीर्वाद देखकर प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी को विजय बनाइए निश्चित ही प्रदेश की आदर्श विधानसभा के रूप में गाडरवारा विधानसभा को विकसित करने का संकल्प होगा मेरा इस बीच पूर्व विधायक साधना स्थापक मौजूद रही उदयप्रताप सिंह ने स्थानीय गणमान्यों व माता बहिनों से भेंटकर कर भाजपा को अपना अमूल्य मत रूपी आशीर्वाद प्रदान कर प्रचंड मतों से विजयी बनाने हेतु आग्रह किया 7उक्त अवसर पर वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि गण एवम स्थानीय गणमान्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे 7

# भाजपा और कांग्रेस ने मिलकर महाराजपुर क्षेत्र को ठगा

## अजय दौलत तिवारी के समर्थन में अखिलेश यादव ने की विशाल आमसभा



नौगांव। सोमवार को महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के नौगांव शहर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नगर के गर्ल्स स्कूल चौराहे पर एक विशाल चुनावी आमसभा का आयोजन किया। इस आमसभा के दौरान अखिलेश यादव ने लगभग 30 मिनिट के भाषण में भाजपा और कांग्रेस दोनों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दोनों पार्टियां आपस में मिलकर बारी-बारी से जनता को ठगने का काम करती हैं, उन्होंने कहा कि इस बार अपने बीच के नौजवान साथी अजय दौलत तिवारी को जिताकर क्षेत्र में इतिहास रचें ताकि कोई आपको ठग न सके।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने नोटबंदी से भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा किया था क्या भ्रष्टाचार खत्म हुआ? ये वही भाजपा सरकार है जिसने अफवाह फैलायी थी कि दो हजार के नोट में चिप लगी है कहां गई वो चिप,क्या भ्रष्टाचार खत्म हुआ? सुना है मप्र में शिक्षा माफिया का भी कब्जा है ये माफिया फर्जी तरीके से पढ़ा तो रहा है लेकिन क्या युवाओं को नौकरी मिल रही है नहीं मिल रही है, क्योंकि यहां का युवा बेरोजगार घूम रहा है। भाजपा और कांग्रेस आपस में मिले हुए हैं। ये कैसे हो सकता है कि एक चुनी हुई सरकार बिना मिलावट के गिर जाए। कांग्रेस के ही लोगों ने मिलकर भाजपा की सरकार बनवा दी। ये लोग बारी-बारी से जनता को ठगने का काम करते हैं, प्रधानमंत्री एक तरफ देश में गरीबी खत्म करने की बात कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ मप्र में मुख्यमंत्री कहते हैं कि हमने करोड़ों लोगों को राशन बांट दिया। ये कौन लोग हैं जो राशन ले रहे हैं, गरीबी खत्म हो रही है या बढ़ रही है? भाजपा और कांग्रेस दोनों ही मिलकर भ्रष्टाचार का नेटवर्क बना रखा है। हमें इस बार इस नेटवर्क को तोडऩे का काम करना है। अजय दौलत तिवारी को जिस कांग्रेस ने धोखा दिया है उसी कांग्रेस ने हमें भी धोखा दिया है। हमें मिलकर इन धोखेबाजों को सबक सिखाना है। यदि आपने अजय दौलत तिवारी को ऐतिहासिक वोटों से जिताकर विधानसभा भेजा तो हम वादा करते हैं कि हमेशा आपके साथ खड़े रहेंगे। मप्र में सपा की साईकिल दौड़ेगी। हम वंचित, पिछड़े, कमजोर, किसान, युवा और मजदूरों के लिए सरकार चलाते हैं। समाजवादियों ने उप्र में जो काम किया है वह काम मप्र की भाजपा सरकार 18 साल में नहीं कर सकी। हमने एक ऐसा हाईवे बनाया था जिसपर प्रधानमंत्री एयरफोर्स का जहाज लेकर उतर गए। क्या मप्र में ऐसी कोई सड़क है, यूपी में इनकी सरकार ने बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे बनाया है।

# कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष राम मेहर का कार्यकर्ताओं ने किया गर्म जोशी से स्वागत

बैरसिया। कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष और आईसीसी कमेटी राजगढ़ पर्यवेक्षक राम मेहर के नगर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया उनका स्वागत करने के लिए सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता नगर के रेंज चौराहे पर ढोल नगाडों के साथ पहुंचे थे एक समय बैरसिया से टिकट मांग रहे राम मेहर को पार्टी ने टिकट तो नहीं दिया परंतु उनकी नाराजगी दूर करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया ऐसे में क्षेत्र में चल रही कार्यकर्ताओं की नाराजगी एक ही झटके में दूर हो गई प्रदेश उपाध्यक्ष राम मेहर कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने कहा कि हम सब एकजुट हैं किसी की अफवाहो पर ध्यान ना दें इस विधानसभा चुनाव में हमारी पार्टी प्रदेश के साथ-साथ बैरसिया में भी कांग्रेस पार्टी का भारी बहुमत के साथ आगमन हो रहा है हम भाजपा सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए तत्पर हैं भाजपा की सरकार कमीशन खोरो की सरकार है विकास के नाम पर इन्होंने सिर्फ लीपापोती ही करी है इन्होंने प्रदेश का बंटाधार कर दिया है प्रदेश उपाध्यक्ष राम मेहर ने अपील कर कहां की सभी बैरसिया क्षेत्रवासी कांग्रेस प्रत्याशी जय श्री हरि कारण को अपना जनसेवक के रूप में चुने ताकि कांग्रेस सरकार बनने पर क्षेत्र का विकास हो सके कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष राम मेहर के पहुंचने पर उनके कार्यकर्ताओं द्वारा हर फूल मालाओं से स्वागत किया गया कार्यालय में वरिष्ठ नेता भगवान दास वियानी मदन ठाकुर बहादुर सिंह राठौड़ माखनलाल सराफ राजू धाकड़ चंचल खत्री अखंड प्रताप सिंह दुष्यंत परतानी फत्तूलाल कुशवाहा अभिषेक जैन दशरथ दांगी रणधीर सिंह दांगी पीसी साहू गुलाब साहू सहित कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे

## बसपा प्रत्याशी बब्बू राजा को मिल रहा जनता का आशीर्वाद

# पलोठा ,राधेपुर , बरकोहा, काँटी, तलवापुरवा, सहित विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर बसपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

छतरपुर। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव की मतदान तारीख जैसे जैसे नजदीक आ रही है। मध्यप्रदेश में राजनीति की सरगर्मी बढ़ती जा रही है। विधानसभा चुनाव की मतदान तारीख में अब लगभग 10 ही दिन शेष हैं। ऐसे में सभी पार्टियों के उम्मीदवार अपनी पार्टी के प्रचार-प्रसार में तेजी से लगे हुए हैं। इसी तारतम्य में छतरपुर विधानसभा क्रमांक 51 से बसपा प्रत्याशी डीलमणि सिंह ÷बब्बू राजा÷का जनसंपर्क तेजी से जारी है। श्री सिंह द्वारा प्रतिदिन छतरपुर विधानसभा में अंतर्गत आने वाले दर्जन भर से अधिक गांवों में पहुंचकर जनसंपर्क किया जा रहा है। और लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनकर आने वाले समय में विधानसभा चुनाव में उनकी समस्याओं की निराकरण हेतु उनसे बसपा के चुनाव चिन्ह हाथी पर मतदान करने के लिए अपील किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सोमवार को बसपा प्रत्याशी डीलमणि सिंह जी के द्वारा छतरपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पलोठा राधेपुर,बर्कोहा काँटी गगायच, जनकपुर, रामनगर सहित विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर जनसंपर्क किया गया। इसके साथ ही इन सभी ग्रामों में बब्बू राजा के समर्थन में हजारों लोग कंधे से कंधा मिलाकर श्री सिंह के साथ चले। इसके साथ ही कई ग्रामों में ग्रामीणों के विशेष आग्रह पर बब्बू राजा का तुलादान हुआ जिसमें ग्रामवासी सहित बसपा के कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे। ज्ञात हो की मध्य प्रदेश में आगामी 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं जिसको लेकर छतरपुर विधानसभा में बसपा प्रत्याशी का जनसंपर्क कई हफ्तों से लगातार जारी है, वे लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनकर उन्हें आश्वस्त कर रहे हैं। साथ ही क्षेत्र के विकास और खुशहाली के लिए बसपा के चुनाव चिन्ह हाथी पर मतदान करने के लिए अपील व आग्रह कर रहे है।

## स्वतंत्र प्रत्याशी राजीव यादव ने सागौर में जनसंपर्क के दौरान कहा

# हमारी लड़ाई भाजपा से नहीं, हम पार्टी को हराने नहीं बल्कि माचिस से अलख जगाकर चुनाव जीतने उतरे हैं

धार। धार विधानसभा से स?वतंत्र प्रत?याशी राजीव यादव का जनसंपर्क जारी है। रविवार को उन?होंने सागौर में जनसंपर्क कर लोगों से माचिस का बटन दबाकर विजय बनाने की अपील की। इस दौरान उन?होंने कहा कि हमारी लड़ाई भाजपा से नहीं है। हम भाजपा की विचारधार लेकर आए है और इसी विचारधारा पर चुनाव लडेंगे। हम इस चुनाव में पार्टी को हराने के लिए नहीं उतरे है, बल्कि माचिस से अलख जगाकर चुनाव को जीतने के लिए उतरे है और हमारी लड़ाई अंत तक कांग्रेस से रहेगी। सागौर में जनसंपर्क करने पहुंचे स?वतंत्र प्रत?याशी यादव का लोगों ने पुष?पमाला पहनाकर स?वागत किया। लोगों के समर्थन और दुलार पाकर यादव मंत्रमुग?ध नजर आए। जनसंपर्क के दौरान लोगों के बीच उन?होंने कहा कि पीथमपुर के 44 गांवों का मुद्दा उठाया। इसमें उन?होंने कहा कि पीथमपुर के 44 गांवों जो मास?टर प?लान में शामिल थे, उनकी जमीनों को उद्योगों को सौंप दिया गया। इसके बाद उन 44 गांव के लोगों की कोई सुध लेने वाला नहीं है और न ही उन लोगों को लेकर कोई बात की जा रही है। यादव ने कहा कि एमपीआईडीसी सिर्फ भूमि लेकर इंडस?ट्री से व?यवहार रखती है। स?थानीय लोगों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सागौर में जनसंपर्क की शुरूआत छोटी सागौर से हुई। इसके बाद वे रघुवंशी मोहल?ले, मेन मार्किट, कृष?णा विहार, मोती नगर, थाना रोड से होते हुए मामा चौक बस स?टैंड पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख?या में लोग यादव के समर्थन में उनके साथ चलते नजर आए। वहीं जनसंपर्क के दौरान लोगों ने खुले मन से स?वतंत्र प्रत?याशी यादव का पुष?पमाला पहनाकर स?वागत किया।

# कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती प्रभा बालमुकुंदसिंह गौतम का सत्त जनसम्पर्क जारी



धार। कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती प्रभा बालमुकुंदसिंह गौतम का जनसम्पर्क लगातार जारी है। श्रीमती गौतम जिस गांव में पहुँच रही है, वहा की जनता उनका भव्य स्वागत कर जय कांग्रेस विजय कांग्रेस का आर्शीवाद दे रही हैं। सोमवार को श्रीमती गौतम ने सिल्वरहील,बसंतविहार,काशिबाग, शांतिकुंज, अन्नपूर्णा क्षेत्र में प्रभावी दौरा किया। उनके साथ सैकडों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी जिनमें एन.एम शर्मा, धार विधानसभा 201 चुनाव संचालक अनिल तिवारी, अरुण वर्मा, जिला बुथ प्रबंधन कांग्रेस अध्यक्ष राजेश पटेल, रोशन जैन मुकेश राठौर, पुरूषोत्तम हिरवले एडव्होकेट, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अशोक सोंलकी गजेन्द्रसिंह सेंगर, धमेन्द्र भदौरिया, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष विजेता त्रिवेदी दीपासिह मीना शान्तु डोड, गिता सिंह गौतम श्रीजीत तोमर जितेन्द्र पटेल, राहुल परिहार, कर्ण शक्तावत, करणसिंह चौहान, मनिषा चौधरी रोहित कामदार हरी हरोरे संतोष ठाकुर सुरेश परमार, अमन चौहान, नरेन्द्र वाघेला सहित वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे। इसी प्रकार श्री बालमुकुंदसिंह गौतम ने कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती प्रभा बालमुकुंदसिंह गौतम के समर्थन में तिरला विकासखण्ड के चीकल्या, आहू में प्रभावी जनसम्पर्क कर कांग्रेस को वोट देने की अपील की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता दिपेन्द्रसिंह ठाकुर द्वारा दी गई।


## नाम परिवर्तन सूचना

मैं Mohammed Konain Dad जो वर्तमान में जाना जाता हूं। भविष्य में मुझे Mohd Konain Dad के नाम से जाना जाए। मेरी जन्मतिथि 30.07.2007 है।

मेरा वर्तमान पता है:-
S/o Sameer Dad
H.No. 4 Bijli Ghar Colony Nav
Bahar Colony Bhopal-462010 (M.P.)

# बादाम तोहफे का एक परफैक्ट और सेहतमंद विकल्प हैः ऋतिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऋतिका समद्दर, रीजनल हेड- डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली के अनुसार इस दिवाली, इन 5 उपायों से अपनी सेहत को दुरुस्त बनाएं। दिवाली का खुशियों से भरा त्यौहार आने के साथ ही माहौल में रोमांच घुल गया है और हर घर से पारंपरिक व्यंजनों की सुगंध आने लगी है। त्यौहार हमें एकजुट होने, प्यार करने और शेयर करने का मौका देता है, लेकिन इसके साथ ही अक्सर तला-भुना, मीठा और मसालेदार खाना खाने से हमारी सेहत पर भी असर पड़ता है। एक न्यूट्रिशनिस्ट होने के नाते मुझे अक्सर यह संतुलन बनाने की चुनौती मिलती है कि त्यौहार का मजा लेते हुए भी हमारी सेहत को सबसे ज्यादा प्राथमिकता मिले। आइये, आपके और आपके प्रियजनों के लिये रोशन और सेहतमंद दिवाली सुनिश्चित करने की कुछ महत्व पूर्ण रणनीतियों के बारे में जानते हैं। दिवाली तोहफे देने और लेने का वक्त होता है। त्यौहार के उत्साह में अपने प्रियजनों को सेहत के लिये अच्छे तोहफे दें। उन्हें न्यूट्रिएंट्स से भरपूर बादाम तोहफे में देने की सोचें, जो न सिर्फ आपका प्या र दिखाएंगे, बल्कि त्यौहार के मौसम में उनकी सेहत को भी अच्छा बनाएंगे। बादाम तोहफे का एक परफैक्ट और हेल्दी विकल्प है, खासकर दिवाली जैसे त्यौहारी सीजनों के लिये।

# इस बार वर्ल्ड डायबिटीज डे पर मुट्ठीभर बादाम से पाएं राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड डायबिटीज डे 14 नवंबर, 2023 को मनाया जाता है, इसलिए इस बढ़ती महामारी ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। खासकर, भारत खुद को इस महामारी के केंद्र में पाता है, जिसे पूरी दुनिया में 'डायबिटिक कैपिटल' का खिताब मिला हुआ है। इस साल, वर्ल्ड डायबिटीज डे के मौके पर टाइप 2 डायबिटीज के खतरे को समझने के महत्व पर जोर दिया गया है। इसका लक्ष्य इस समस्या से बचाव या देरी करना है। ऐसे में, पाया गया है कि नियमित रूप से बादाम का सेवन करने से प्रीडायबिटीज को पलटा जा सकता है। हाल के अध्ययनों 3,4 में पाया गया है कि खाना खाने के 30 मिनट पहले 20 ग्राम बादाम खाने से ब्लड शुगर का स्तर बेहतर हो सकता है। यह भी देखने को मिला है कि 23.3 प्रतिशत( 30 में से 7 ) प्रीडायबिटिक मरीज, खाने से पहले 20 ग्राम बादाम का सेवन कर लें तो ब्लड शुगर का स्तर सामान्य हो जाता है। वहीं, दूसरे अध्ययन5 में पाया गया कि 12 हफ्तों तक रोजाना बादाम खाने से इंसुलिन की प्रतिरोधकता, फास्टिंग ग्लूकोज कम होता है और पैनक्रियाटिक कार्यप्रणाली में सुधार होता है। इसके साथ ही रोजाना, बादाम खाने से वजन कम होता है, बीएमआई ( बॉडी मास इंडेक्स) में कमी आती है, कमर की चौड़ाई कम होती है और कुल कोलेस्ट्रॉल कम होता है।

# मैकग्राहिल पेश करते हैं एमपीपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए ज़रूरी अध्ययन सामग्री

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन (एमपीपीएससी) परीक्षा की तारीख नजदीक आ रही है।परीक्षा का आयोजन दिसम्बर 2023 में होना है, ऐसे में छात्र ज्ञान एवं कौशल की इस बेहद प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारियों में जुटे हैं। इन उम्मीदवारों को सहयोग प्रदान करने के लिए मैकग्राहिल लेकर आए हैं ज़रूरी अध्ययन सामग्री की श्रृंखला जिसे आगामी एमपीपीएससी परीक्षा के लिए सोच-समझ कर डिज़ाइन किया गया है। सितम्बर 2023 में जारी अधिसूचना के मुताबिक यह ज़रूरी है कि अध्ययन सामग्री को परीक्षा के नए मानकों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाए, ताकि छात्रों को र ज़रूरी सहयोग मिल सके और वे परीक्षा में अच्छा परफॉर्मेन्स दे सकें। इसके अलावा इस बात पर ध्यान देना भी ज़रूरी है कि एमपीपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा 2022 में 100 में से 40 सवाल सीधे 'विद्यापूर्ण जनरल स्टडीज़' से लिए गए थे। ऐसे में इस तरह के स्रोत न सिर्फ प्रासंगिक होते हैं बल्कि दिसम्बर 2023 में आ रही परीक्षा के लिए प्रभावी भी हैं। ऐसा ही एक प्रमुख स्रोत है' दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान एवं लोक प्रशासन' जिसमें संशोधित पाठ्यक्रम के अनुसार विषय सामग्री प्रस्तुत की गई है। यह छात्रों को परीक्षा के नए मानकों के अनुसार ज़रूरी सुझाव एवं रूझान देती है। इसमें युनिट के अंत में पिछले सालों के सवाल दिए गए हैं, जिससे छात्रों को एमपीपीएससी परीक्षा की तैयारी करने में आसानी होगी।

# टाइड ने मध्यप्रदेश में एसएमई के लिये पर्यावरण के अनुकूल पृथ्वी रूपे कार्ड को पेश किया

भोपाल । मध्यप्रदेश में प्रदूषण का स्तर रिकॉर्ड ऊँचाई पर पहुँचने के साथ, यूके के अग्रणी व्यवसाय-वित्त प्लेटफॉर्म टाइड1 ने मध्यप्रदेश में एसएमई के लिये पर्यावरण के अनुकूल पृथ्वी रूपे कार्ड को पेश किया है। इन कार्ड्स का वितरण दिवाली से पहले शुरू होगा। यह शुरूआत मध्यप्रदेश को प्रदूषण-मुक्त राज्य बनाने के लिये प्रतिबद्ध मध्यप्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रयासों के अनुरूप है। औद्योगिक प्रदूषण पर नजर रखना और उसे नियंत्रित करना, सार्वजनिक परिवहन और अधिक शुद्ध ईंधनों को बढ़ावा देना एमपीपीसीबी के कुछ उपायों में शामिल हैं, जिससे कि राज्य में हवा और पानी की गुणवत्ता में बड़ा सुधार हुआ है। इस कोशिश से मध्यप्रदेश के आईटी हब इंदौर को केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के स्वच्छ वायु सर्वेक्षण- 2023 में पुरस्कृत किया गया है। टाइड का पृथ्वी रूपे कार्ड रिसाइकल्ड सामग्री को काम में लेता है, जिससे प्लास्टिक के कचरे और फिर प्लास्टिक के प्रदूषण को कम करने में भाग लेना संभव है। पीवीसी की रिसाइक्लिंग से नया पीवीसी बनाने के लिये ज्यादा तेल निकालने की जरूरत नहीं पड़ती है, जोकि एक मुख्य जीवाश्म ईंधन है।

# नोर्बिन ने भारत में अपनी पेशकश के लिए बीएएसएफ का क्राउडसोर्सिंग डिजिटल टूल, रिफिनिश हब पेश किया

मुंबई, एजेंसी। बीएएसएफ के कोटिंग डिवीज़न ने भारत में नोर्बिन ग्राहकों के लिए अपना लोकप्रिय डिजिटल क्राउडसोर्सिंग कलर फ़ॉर्मूला सर्च सिस्टम पेश किया है। इस बीएएसएफ रिफिनिश हब मोबाइल वेब एप्लिकेशन द्वारा भारत में नोर्बिन ग्राहक फ़ॉर्मूले को तेज़ी से सर्च करने, सेव करने और अपलोड करने में समर्थ बनेंगे और क्षेत्र के अन्य यूज़र्स के साथ उसे साझा कर सकेंगे। यह सुविधाजनक प्लेटफ़ॉर्म सबसे अच्छे फ़ॉर्मूलों की पहचान करके कलर एक्सपर्ट्स का एक शक्तिशाली समुदाय बनाता है। इस साझा ज्ञान से यूज़र्स को फ़ॉर्मूला खोजने में लगने वाले समय और बर्बादी को कम करने में मदद मिलेगी, जिससे उनकी एफिशिएंसी में सुधार आएगा।

सुसान क्लूज़, वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स मैनेजमेंट, ऑटोमोटिव रिफ़िनिश कोटिंग्स सॉल्यूशंस एशिया पैसिफ़िक, बीएएसएफ ने कहा, हम भारत में अपना सफल बीएएसएफ रिफिनिश हब लाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने आगे कहा, हमारा मानना है कि इस तरह के डिजिटल समाधान भूल के प्रति सचेत ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण हैं। साथ ही, हमने अपने ग्राहकों को हमारे ब्रांड के बारे में नयी जानकारी देने और इसे शुरू करने के उद्देश्य आदि के बारे में बताने के लिए अपना बीएएसएफ इंस्टाग्राम अकाउंट भी लॉन्च किया है। नोर्बिन ग्राहकों के लिए बीएएसएफ रिफिनिश हब एप्लिकेशन का उपयोग निःशुल्क है। इसमें बीएएसएफ द्वारा हर फ़ॉर्मूले की लोकप्रियता और उसकी रेटिंग प्रदर्शित की जाती है, और विश्वसनीयता के लिए उसे सत्यापित किया जाता है। अनावश्यक मिक्सिंग किए बिना ही कलर कैसा दिखेगा, यह अनुमान लगाने में पेंटर्स की मदद करने के लिए क्षेत्रवार उपयोग और वाहन की उम्र जैसे विवरण भी इसमें उपलब्ध हैं।

# यह चुनाव देश और प्रदेश को कमज़ोर करने वाली ताक़तों के खिलाफ : दिया कुमारी

जयपुर ।। भाजपा से विद्याधर नगर विधानसभा प्रत्याशी दिया कुमारी सोमवार को अपने दिन के जनसंपर्क कार्यक्रम की शुरुआत मेटल कालोनी पार्क, वार्ड 27 में परिवारजनों के आशीर्वाद से की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने की अपील की। जनसंपर्क के क्रम में दिया कुमारी ने विद्याधर नगर मंडल के वार्ड 8, सेक्टर 9 में घर-घर जाकर जनसम्पर्क किया और भाजपा के समर्थन में वोट करने की अपील की।



इस दौरान दिया कुमारी ने जनसभा को भी सम्बोधित किया और कांग्रेस पार्टी पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव 70 सालों से देश का बंटाधार करने वाली ताकतों के खिलाफ़ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जर्जर हालत की जिम्मेदार है यह कांग्रेस पार्टी। तुष्टिकरण की राजनीति करके समुदाय विशेष को लाभ पहुँचाने का इनका एजेंडा बहुत पुराना है। इनको हमारी बेटियों का दुःख नज़र नहीं आता, इनको सड़कों पर बेहाल होते युवा नज़र नहीं आते।

सम्बोधन के दौरान दिया कुमारी ने जनता से भाजपा को वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप एक बार दिया कुमारी पर भरोसा कीजिये, मैं आपको यकीन दिलाती हूँ कि आपके इस भरोसे को कभी टूटने नहीं दूंगी।

दिया कुमारी ने वार्ड 6 और वार्ड 18 में जनसभाओं को सम्बोधित किया और वार्ड 20 में नारी शक्ति स्वाभिमान सभा में शिरकत की। महिलाओं का मिल रहे समर्थन से दिया कुमारी ने नारी शक्ति का धन्यवाद दिया और कहा कि मेरी माताओं और बहनों से मिलने वाले समर्थन से अभिभूत हूँ। आप जिस प्रकार आज लामबंद हुई हैं, इसी तरीके से हमको 25 तारीख को लामबंद होकर कांग्रेस के खिलाफ वोट करना है।

देर शाम दिया कुमारी ने अम्बाबाड़ी स्थित माल रोड में लाइट ऑन कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया।

# जांच एजेंसियों पर व्यापारियों को प्रताड़ित करने के आरोप, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स ने चुनाव आयोग से की शिकायत

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन को शिकायती पत्र सौंपा है। प्रतिनिधि मंडल ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली के नेतृत्व में ये पत्र सौंपतें हुए जांच एजेंसियों द्वारा मध्यप्रदेश के व्यापारियों और आम जनता को चैंकिंग के नाम पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है।



प्रतिनिधि मंडल में शामिल आजीवन सदस्य राहुल कोठारी ने बताया कि, चुनाव आचार संहिता लगने के बाद से ही प्रशासन के अलग-अलग विभाग, पुलिस, जीएसटी, आयकर, आबकारी और डीआरआई सहित अन्य मैदानी अमले द्वारा लगातार वाहन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है और चैकिंग के दौरान व्यापारियों से अभद्र व्यवहार भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, दीपावली पर्व के चलते ज्वेलरी, अनाज, दवा फैक्ट्री आदि के संचालकों द्वारा रोजाना ही लाखों रूपयों का लेन-देन किया जाता है, और बैंक से भी हर दिन नकदी निकाली जाती है। ऐसे में चैकिंग के दौरान जांच एजेंसियां नकदी जब्त कर लेती हैं। कागजात दिखाने के बाद भी सांठ-गांठ करने का दबाव बनाया जाता है। जिसके चलते पूरे मध्यप्रदेश के व्यापारी जांच एजेंसियों से खासे प्रताड़ित हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर प्रतिनिधि मंडल ने आग्रह किया है कि, पुलिस प्रशासन और अन्य जांच एजेंसियों द्वारा की जा रही जोर जबरदस्ती बंद नहीं की गई तो दीपावली जैसे साल के सबसे बड़े त्यौहार पर सभी व्यापारी वर्ग हड़ताल कर प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

# कलर्स ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के साथ हाथ मिलाया

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की अग्रणी हिंदी जीईसी, कलर्स ने अपने नए फिक्शन शो डोरी को लॉन्च करके बालिका परित्याग के मुद्दे को संबोधित करने के लिए, आज महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पहल के साथ अपने सहयोग की घोषणा की। टेलीविज़न ने एक माध्यम के रूप में समाज को आइना दिखाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है और कई महिलाओं को बदलाव का स्रोत बनने के लिए प्रेरित किया है। सामाजिक बदलाव लाने और बालिकाओं के प्रति लैंगिक पक्षपात को दूर करने के उद्देश्य से, इस सहयोग के माध्यम से कलर्स का उद्देश्य बालिका परित्याग की सामाजिक बुराई के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस विषय पर एक प्राइमटाइम शो लॉन्च करने के अलावा, इस सहयोग के तहत, कलर्स देश भर में किसी भी परित्यक्त बालिका हेतु सहायता चाहने वालों के लिए 24 घंटे की आपातकालीन टोल फ्री चाइल्डलाइन इंडिया हेल्पलाइन नंबर (1098) का प्रचार करेगा। कलर्स पर हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे प्रसारित होने वाले शो 'डोरी' का उद्देश्य लोकप्रिय संवाद पैदा करना और इस तरह से बालिका परित्याग के मुद्दे पर जागरूकता फैलाना है। महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, माननीय श्रीमती स्मृति ईरानी कहती हैं, जिस तरह किसी देश की प्रगति इस बात से निश्चित होती है कि वहां महिलाओं और बच्चों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है, उसी तरह मनोरंजन का प्रभाव इस बात से निर्धारित होता है कि वह मानसिकता को कैसे बदल सकता है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पहल के माध्यम से लड़कियों के प्रति दृष्टिकोण बदलने में काफी प्रगति की है। मुझे खुशी है कि हमारे देश का अग्रणी मनोरंजन चैनल कलर्स बालिका परित्याग की महत्वपूर्ण लेकिन अक्सर नजरअंदाज़ की जाने वाली समस्या पर एक शो डोरी बनाने के लिए, इस पहल में शामिल हो गया है। चैनल दर्शकों के बीच हमारी चाइल्डलाइन इंडिया 1098 हेल्पलाइन के बारे में जागरूकता फैलाएगा और इस पहल को बेहद आवश्यक लोकप्रिय समर्थन देगा।

# कभी स्कूल की फीस भरने तक के नहीं थे पैसे, जहां मिली पहली नौकरी आज उसी कंपनी के हैं सीईओ

नई दिल्ली, एजेंसी। कहते हैं अगर कुछ करने की तमन्ना हो तो कोई भी मुश्किल आपको रोक नहीं सकती है। हरियाणा के एक छोटे कस्बे से निकल आईटी कंपनी डेलॉइट ग्लोबल के सीईओ बनने वाले पुनीत रंजन की सोच का लोहा पूरी दुनिया मानती है। पुनीत रंजन ने फर्श से अर्श तक का सफर तय किया है। एक समय ऐसा था जब पुनीत की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। स्कूल की फीस भरने तक के पैसे नहीं होते थे। लेकिन कहते हैं कि सपने उनके ही सच होते हैं, जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। इस लाइन को सार्थक करने का काम किया है पुनीत रंजन ने। उन्होंने रोहतक के एक स्थानीय कॉलेज से स्नातक किया क्योंकि यहां की फीस कम थी। एक अखबार में छपे विज्ञापन को देखने के बाद उन्होंने नौकरी के लिए दिल्ली का रुख भी किया था।

हरियाणा के एक छोटे से गांव में जन्में पुनीत रंजन का बचपन काफी अभाव में बीता था। पुनीत के माता-पिता की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। इसलिए उन्हें स्कूल की फीस भरने में भी परेशानी होती थी। ये वो समय था जब उनके माता-पिता के पास इतने पैसे नहीं थे कि वो उन्हें अच्छे स्कूल में भेज पाते। फीस न भर पाने के कारण उन्हें अपना स्कूल तक छोड़ना पड़ा था। रंजन ने अपनी स्कूली शिक्षा लॉरेंस स्कूल, सनावर, हिमाचल प्रदेश से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने रोहतक के एक स्थानीय कॉलेज से ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की थी।



पुनीत अपने घर की आर्थिक स्थिति ठीक करना चाहते थे। इसके लिए उन्हें नौकरी की तलाश थी। एक अखबार में उन्होंने नौकरी का विज्ञापन देखकर वो इसकी तलाश में दिल्ली आ गए। पुनीत ने नौकरी की तलाश करते हुए आगे की पढ़ाई करना जारी रखा। इसी बीच उन्हें विदेश में पढ़ाई करने के लिए स्कॉलरशिप मिल गई। यहीं से उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव आ गया। पुनीत दो जोड़ी जींस और कुछ पैसों के साथ अमेरिका चले गए। जहां उन्होंने पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई की। पुनीत रंजन की प्रतिभा की पहचान तब हुई जब स्थानीय पत्रिकाओं में 10 सर्वश्रेष्ठ छात्रों में से एक के रूप में उन्हें चित्रित किया गया था। पुनीत की प्रतिभा को डेलॉयट ने पहचाना और मिलने के लिए बुलाया। साल 1989 में उन्हें डेलॉइट में नौकरी मिल गई थी। जानकारी के मुताबिक, पुनीत ने डेलॉइट में 33 साल से ज्यादा समय तक काम किया। पुनीत की मेहनत रंग लाई ओर उनकी प्रतिभा को देखते हुए डेलॉइट ने साल 2015 में उन्हें अपना सीईओ बना दिया। बता दें कि डेलॉइट विश्व की चार सबसे बड़ी आडिट फर्मों में से एक है। डेलॉइट कंपनी की उपस्थिति भारत सहित विश्व के 150 देशों में है और इसमें लगभग दो लाख से अधिक कर्मचारी कार्य करते हैं।

## एचडीएफसी इर्गो ने रबी सीजन में मध्य प्रदेश के किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू की

**बड़वानी , एजेंसी।** भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी सामान्य बीमा कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को मध्य प्रदेश सरकार ने रबी, 2023 सीजन के लिए अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा और खरगोन जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है। इन जिलों में इस योजना का क्रियान्वयन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत अधिसूचित निम्नलिखित फसलों के लिए किया जाएगा, जिनके लिए फसलों के अनुसार कट-ऑफ तिथियाँ निम्नलिखित हैं-

पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को तूफ़ान, ओलावृष्टि, बाढ़, तूफ़ानी बारिश, बेमौसम बारिश, बादल फटने, प्राकृतिक कारणों से लगी आग जैसे कई बाहरी ख़तरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से बीमा की सुरक्षा मिलती है। फसल के नुक़सान का आकलन करने के लिए, राज्य सरकार इस योजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलों पर फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) की योजना बनाकर संचालन करेगी। यदि सीसीई में फसल के कम आँकड़े पाए जाते हैं, तो माना जाएगा कि फसल की पैदावार कम हुई है, जिसके लिए किसान को क्लेम दिया जाएगा।

इस योजना के अंतर्गत फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम भी शामिल हैं। पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत आने वाले सभी उत्पादों को मध्य प्रदेश सरकार के कृषि विभाग से अनुमोदन मिला है। अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा और खरगोन जिलों के किसान ऊपर सूचीबद्ध फसलों के लिए पीएमएफबीवाई योजना के तहत बीमा कवर का लाभ अपने जिले में अपने बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या फिर अधिकृत एचडीएफसी इर्गो एजेंट्स से संपर्क करके प्राप्त कर सकते हैं।

## आम आदमी के आंसू निकाल रहा प्याज, सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी कम नहीं हो रहे दाम

नई दिल्ली, एजेंसी। प्याज के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। नवरात्र से प्याज की कीमतों में तेजी बनी हुई है। सरकार के तमाम प्रयास भी फेल साबित हुए हैं। कई कोशिशों के बाद भी कीमतों में बराबर तेजी बनी हुई है। कोलकाता के कई खुदरा बाजारों में गुरुवार को प्याज की कीमतें 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गईं। कोलकाता के खुदरा बाजारों में प्याज की न्यूनतम कीमत जहां 80 रुपये प्रति किलोग्राम है, वहीं पॉश इलाकों में स्थित कुछ बाजारों में यह 100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचा जा रहा है। देश के बाकी शहरों का हाल भी कुछ ऐसा ही है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर के महीने में प्याज की कीमत दोगुनी हो गई है। डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर के आंकड़ों के मुताबिक, देश की राजधानी दिल्ली में 1 अक्टूबर को प्याज की कीमत 38 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो 30 अक्टूबर को 78 रुपये तक पहुंच गई थी।

# गजब का म्यूचुअल फंड! 10 हजार रुपये की एसआईपी ने निवेशकों को बना दिया करोड़पति

नई दिल्ली, एजेंसी। आप अगर अमीर बनना चाहते हैं तो अपनी मेहनत की कमाई को सही जगह पर निवेश करना बेहद जरूरी है। नौकरी और व्यापार करने वाले ज्यादातर लोग अपना पैसा एफडी में निवेश करना ज्यादा पसंद करते हैं। एफडी निवेश का एक सबसे सुरक्षित विकल्प है। इसमें पैसों के डूबने का जरा भी खतरा नहीं होता है। इसके चलते ज्यादातर लोग एफडी जरूर कराते हैं। लेकिन अब एसआईपी एक इंवेस्टमेंट टूल्स बनकर उभर रहा है। कई लोग अच्छे रिटर्न के लिए एसआईपी में निवेश करना पसंद करने लगे हैं। हालांकि एफडी में जहां पैसा पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

वहीं एसआईपी में हमेशा रिस्क बना रहता है। कई कंपनियों के म्यूचुअल फंड हैं। ऐसे में बंपर रिटर्न के लिए कहां पर निवेश किया जाए यहा भी जरूरी बात है। आज हम आपको एक ऐसे म्यूचुअल फंड के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें निवेश करने वालों को छप्परफाड़ रिटर्न मिला है। इस म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले करोड़पति हो गए हैं।

पेज-1 का शेष

## ज़हरीली हवा.....

कृषि उत्पाद के विचित्र मूल्यों के कारण पंजाब में यहाँ की स्वाभाविक फ़सलों के स्थान पर चावल का बहुत उत्पादन किया जा रहा है जो पंजाब के भूमिगत जल संग्रह को भी भारी क्षति पहुँचा रहा है। वाहनों का प्रदूषण अब अच्छे इंजनों तथा फ़्यूल के कारण अपेक्षाकृत कम हो गया है परंतु दिखाने के लिए सबसे पहले इसी पर प्रतिबंध लगाया जाता है। इस क्षेत्र में अनेक छोटी बड़ी फैक्ट्रियों और ताप बिजलीघरों के कारण भी प्रदूषण होता है। दिवाली के पटाखे भी थोड़ा प्रदूषण करते हैं और अनेक दिनों तक वातावरण में इनका धुआँ घूमता रहता है। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य मानवीय कारक भी हैं जिनसे वायु प्रदूषण होता है परन्तु उन पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

वायु प्रदूषण कभी भी चुनावी मुद्दा नहीं रहा है।कोई आश्चर्य नहीं है कि दिल्ली में विराजमान केंद्र सरकार,दिल्ली की राज्य सरकार तथा वहाँ के चार नगर निगमों में से कोई भी अपनी ज़िम्मेदारी उठाने को तैयार नहीं है। सबसे मुख्य ज़िम्मेदारी केजरीवाल की राज्य सरकार पर आती है और पिछले छह सात साल में इस सरकार द्वारा इस ओर कोई विशेष कार्य नहीं किया गया है। पहले केजरीवाल सारा दोष पंजाब की कांग्रेस सरकार पर पराली के लिये लगाते थे। परंतु अब वहाँ उनकी सरकार बन जाने के बाद अब वे पंजाब की बात न करके उसके सहित चार राज्यों तथा केन्द्र की बात करते हैं। दिल्ली के अत्यंत छोटे क्षेत्र की नई दिल्ली नगर निगम को छोड़कर तीनों बड़ी नगर निगमें प्रदूषण कम करने से कोई सरोकार नहीं रखती है, जबकि धूल, कूड़े और धुएं का नियंत्रण इनकी स्पष्ट ज़िम्मेदारी है। परन्तु विचारणीय प्रश्न यह भी है कि राजधानी क्षेत्र जिसकी जनसंख्या 2 करोड़ से अधिक है, तथा जो संवैधानिक, राजनैतिक, प्रशासनिक, औद्योगिक, व्यापारिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, उसकी ऐसी दुर्गति को एक राष्ट्रीय त्रासदी न मानना केंद्र सरकार की हठधर्मिता है। वायु प्रदूषण रोकने के लिए एक स्पष्ट और प्रभावी गाइडलाइन पहले से उपलब्ध है। केंद्र सरकार को उत्तरी राज्यों की सरकारों को प्रदूषण रोकने के लिए सचेत करना चाहिए और राज्यों की कार्य योजनाओं का समन्वय करना चाहिए और संसाधन भी उपलब्ध कराने चाहिएँ । फिर भी राज्यों को ध्यान रखना होगा कि समस्त कार्यान्वयन उन्हीं के द्वारा किया जाना है तथा प्रदूषण रोकना उन्हीं की मुख्य ज़िम्मेदारी है। दिल्ली की राज्य सरकार को सबसे अधिक गंभीरता से कार्य करना होगा। मोदी को अपनी सकारात्मक ऊर्जा का प्रदर्शन इस समस्या के हल के लिये भी करना चाहिए।

चीन की राजधानी बीजिंग की प्रदूषण की समस्या बहुत विकराल थी परंतु चीन की कटिबद्ध राजनैतिक नेतृत्व की क्षमता से वहाँ के प्रदूषण पर नियंत्रण पा लिया गया है। 2015 में जब मैं बेजिंग गया था तब मैंने वहाँ का वातावरण बहुत अच्छा पाया था।

वायु प्रदूषण रोकने में धन से अधिक राजनीतिक इच्छा की आवश्यकता है। सही समग्र नीतियों और सर्व दलीय प्रयासों से एक-दो वर्ष में ही इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। आज के भारत में यह क्षमता है। दुर्भाग्यवश इस क्षेत्र का मतदाता कुछ दिनों तक परेशान रहने के बाद प्रदूषण को भूल जाता है और फिर उसके लिए यह कोई मुद्दा नहीं रह जाता है। राजनैतिक दल और सरकारें जनता की भावनाओं और स्मरण शक्ति को भाँपने में बहुत होशियार होती हैं। कोई आश्चर्य नहीं है कि इसी कारण सभी सरकारें इस समस्या से विमुक्त रहती है। फिर भी आशा की एक किरण यह है कि इसी क्षेत्र में भारत के सर्वोच्च शासक और न्यायाधीश स्वयं रहते हैं और वे संभवतः अपने व्यक्तिगत हितों के लिए इस दिशा में कुछ ठोस क़दम उठा सकते हैं।

# रॉक्स हाई-टेक लिमिटेड का आईपीओ 7 नवंबर, को खुल रहा है

**मुंबई, एजेंसी।** एक ग्राहक केंद्रित आईटी सॉल्यूशंस प्रदाता, रॉक्स हाई-टेक लिमिटेड ने 07 नवंबर, 2023 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा आईपीओ के मार्फत अप्पर बैंड प्राइस पर 54.49 करोड़ जुटाने का है और कंपनी के शेयरों को एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट किया जाएगा.

आईपीओ से प्राप्त शुद्ध धनराशि का उपयोग पूंजी खर्च का वित्त पोषण करने, कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने और आम कॉरपोरेट कार्यों का वित्त पोषण करने के लिए किया जाएगा. एंकर पोर्शन की बिडिंग 06 नवंबर, 2023 को खुलेगी और इश्यू 09 नवंबर, 2023 को बंद होगा.

इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर स्वराज शेयर्स एंड सिक्योरिटीस प्राइवेट लिमिटेड है और इश्यू की रजिस्ट्रार पूर्वा शेयरजिस्ट्री इंडिया प्राइवेट लिमिटेड है.

रॉक्स हाई-टेक लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री जिम राकेश ने कहा, हम रॉक्स हाई-टेक लिमिटेड को पब्लिक में ले जाकर इस उत्साहजनक यात्रा पर आगे बढ़ते हुए रोमांचित है. यह माइलस्टोन अपवादात्मक आईटी सॉल्यूशंस प्रदान करने और इनोवेशन के प्रति हमारे समर्पण की प्रतिबद्धता से प्रदर्शित होता है. हमें विश्वास है कि यह आईपीओ हमें हमारी क्षमताएं और बढ़ाने और हमारे ग्राहकों की उत्कृष्ट सेवा करने में समर्थ बनाएगा. इस आईपीओ से प्राप्त शुद्ध धनराशि हमारे पूंजी खर्च का वित्त पोषण करने और हमारी कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने में सहायक रहेगी. फंड का यह व्यूहात्मक आवंटन निरंतर ग्रोथ और इनोवेशन करने के हमारे विजन के अनुरूप है और हमें एक प्रमुख आईटी सॉल्यूशंस प्रदाता के रूप में हमारी स्थिति बरकरार रखने की अनुमतिदेता है. स्वराज शेयर्स एंड सिक्योरिटीस प्राइवेट लिमिटेड की डायरेक्टर, सुश्री पंकिता पटेल ने कहा, पब्लिक में जाने का रॉक्स हाई-टेक लिमिटेड का निर्णय उनकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण पल को दर्शाता है. अपवादात्मक आईटी सॉल्यूशंस प्रदान करने और इनोवेशन के प्रति समर्पण की उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें उद्योग का एक खास खिलाड़ी बना दिया है. यह आईपीओ ना सिर्फ उनकी क्षमताओं में उसके विश्वास को दर्शाता है बल्कि नए सुअवसरों और ग्रोथ के द्वार भी खोलता है. ।

# कुर्सी के लिए मैने छिंदवाड़ा का नाम खराब नहीं किया: कमलनाथ

## गुलाबरा की सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा 17 तारीख का चुनाव छिंदवाड़ा और प्रदेश का भविष्य तय करेगा




छिंदवाड़ा। पूरे प्रदेश का बोझ मेरे कंधे पर है मैं 17 तारीख तक यह बोझ आपके कंधे पर डालना चाहता हूँ 17 तारीख का चुनाव हमारे छिंदवाड़ा और मध्यप्रदेश का भविष्य तय करेगा पूरे प्रदेश में प्रत्येक व्यक्ति भृष्टाचार का शिकार है प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और छिंदवाड़ा विधानसभा के उम्मीदवार कमलनाथ गुलाबरा में सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि छिंदवाड़ा की अपनी पहचान है यह सब आपके प्यार और विश्वास से संभव हुआ है। आगे का रास्ता और लंबा है। मुझे नौजवानों के भविष्य की चिंता है। नौजवान आज काम चाहता है सबसे ज्यादा ट्रेनिंग सेंटर छिंदवाड़ा में हमने बनाए हैं। कमलनाथ ने कहा हमने प्रदेश में 11 महने की सरकार चलाई 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया,एक हजार से अधिक गौशाला बनाई गई, लेकिन सौदे से हमारी सरकार गिरा दी गई लेकिन कुर्सी के लिए मैने छिंदवाड़ा का नाम खराब नहीं किया। आपसे मिली शक्ति और बल के कारण छिंदवाड़ा का नाम पूरे देश में जाना जाता है। सभा को पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना ने भी संबोधित किया उन्होने कहा कि कमलनाथ सरकार में 20 हजार करोड़ के काम स्वीकृत हुए थे लेकिन भाजपा की सरकार ने रूकवा दिए। कमलनाथ की



सरकार बनने वाली है और नारी सम्मान योजना के तहत हम 1500 रूपए महिलाओं को देंगे। सभा के पूर्व कमलनाथ ने गुलाबरा में रोड शो भी किया और जनता से आर्शीवाद मांगा। उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय पार्टी से चुनाव लड़ने वाली ज्योति डहेरिया पहली महिला



**परासिया।** विधानसभा चुनाव को लेकर वैसे तो कई महिलाओं ने चुनाव लड़ा है lलेकिन वे महिलाए या तो क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टियों से उम्मीदवार थी या फिर निरदलिय प्रत्याशी लेकिन इस विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की ज्योति डहेरिया ऐसी पहली महिला प्रत्याशी है जो राष्टीय पार्टी से चुनाव लड़ रही है पूर्व के चुनाव मे नजर डालें तो सबसे पहले वर्ष 1957 में जानकी देवी शर्मा ने महिला उम्मीदवार के रूप में निर्दलीय पहला चुनाव लड़ा था । वह 10672 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रही थी इसके बाद वर्ष 1963 के चुनाव में पुन: जानकी देवी ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था। इसके बाद वर्ष 1985 शांति वर्मा 1990, मे यशोदा तथा 1993 में शांताबाई कोलारे निर्दलीय चुनाव लडी वहीं वर्ष 2003 में रुक्मणी ने समाजवादी पार्टी और वसुंधरा ने समता पार्टी चुनाव लड़ा था वर्ष 2008 में ज्योति डहेरिया ने पार्टी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया एवं पुष्पा डहेरिया ने भारतीय जनशक्ति पार्टी से चुनाव मैदान में थी पिछले चुनाव में वर्ष 2018 में आम आदमी पार्टी से दुर्गाबाई आमृवंशी और आम जन पार्टी से सुकून नाडेकर ने चुनाव लड़ा था इस बार 2023 के विधानसभा चुनाव में 12 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। जिसमें चार महिला उम्मीदवार है ज्योति डेहरिया भाजपा से चुनाव लड़ रही है वहीनाम राशि ज्योति डहेरिया रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया से दूसरा चुनाव लड़ रही है इसके अलावा अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी से जननपद सदस्य संतोषी डेहरिया तथा निर्दल उम्मीदवार ज्योति कैथवास मैदान में है विधानसभा चुनाव को लेकर यह बात गौर करने वाली है कि आजादी के बाद से जितने विधानसभा चुनाव हुए हैं उसके सबसे कम दो उम्मीदवार वर्ष 1972 के चुनाव में थे इस चुनाव में कांग्रेस के बारीक राव मोहरे का सीधा मुकाबला जन संघ के गंगा दिन से था वही 1990 के चुनाव में सबसे अधिक 17 प्रत्याशियों ने भाग आजमाया था ।

## केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की छिंदवाड़ा में पदयात्रा आज

### जुन्नारदेव में लेंगे कार्यकर्ताओं की बैठक



**छिंदवाड़ा ।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आज छिंदवाड़ा में पदयात्रा करेंगे। इसके पूर्व जुन्नारदेव पहुंचकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। प्रहलाद सिंह पटेल मंगलवार को निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कार द्वारा सुबह 9 बजे अनिल राय के बड़वन स्थित निवास से प्रस्थान कर सुबह 10 बजे भाजपा कार्यालय जुन्नारदेव पहुंचेंगे यहां वे कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। श्री पटेल 11 बजे जुन्नारदेव से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे नागद्वार चौक छिंदवाड़ा पहुंचेंगे। श्री पटेल नागद्वार चौक से वार्ड नंबर 20 तक पदयात्रा करेंगे तथा दोपहर 3 बजे कार द्वारा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नरसिंहपुर, जिला नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे ।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर आज

**दमुआ।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत लायंस सेवा समिति दमुआ व लायंस क्लब परासिया के तत्वाधान में आज दिन मंगलवार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बैरियर कॉलरी ऑफिस के सामने गरीब भोज परिषर दमुआ में नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है, आधुनिक सुविधाओं से संपन्न लायंस नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञो द्वारा मोतियाबिंद का कुशल ऑपरेशन कर लाभान्वित किया जाएगा, नि:शुल्क जांच शिविर में मरीजों को अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिचय पत्र की फोटो कॉपी और मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य है।

## विधानसभा स्तरीय समावेशी मतदाता जागरूकता सायकल व पैदल रैली



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र 124-चौरई में मतदाता जागरूकता अभियान राजस्व अनुविभागीय अधिकारी प्रभात मिश्रा के निर्देशन और नोडल स्वीप प्लान अधिकारी चौरई विजय पवार, स्वीप प्रभारी चौरई राकेश कुमार मालवीय के संयोजन में आज नगर चांद में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की विधानसभा स्तरीय समावेशी मतदाता जागरूकता सायकल व पैदल रैली संपन्न हुई। तहसीलदार चांद इन्द्रसेन तुमराली ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली चाँद के मुख्य मार्गो से होते हुए बाजार चौक, जैन मंदिर और नगर परिषद से पुन: मुख्य मार्ग होते हुए तहसील परिसर में आकर समाप्त हुई । मुख्य नगर पालिका अधिकारी राधेश्याम चौधरी, सेक्टर ऑफिसर डॉ.छत्रपाल टांडेकर, प्रभारी प्राचार्य अनिल रघुवंशी के नेतृत्व में निकाली गई इस रैली की अगुवाई स्कूल के बैंड ने की जिसमें कदम से कदम मिलाते हुए मतदाता जागरूकता के नारों से शहर गुंजायमान हो गया। रैली में नगर परिषद चांद के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही अन्य अधिकारियों गणमान्य व्यक्तियों उपस्थित थे।

# आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व करने के निर्देश

## विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा बैठक



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा की उपस्थिति में समय सीमा प्रकरणों और विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों की समीक्षा बैठक आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में पांढुर्णा जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में दीपावली के त्यौहार के दृष्टिगत समय पर सभी उचित मूल्य दुकानों पर अनाज पहुंचाने के निर्देश दिए गए। साथ ही विधानसभा निर्वाचन के परिपेक्ष्य में विभिन्न तैयारियों के संबंध में विधानसभावार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी के साथ ही जिला मुख्यालय स्तर के अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा छिंदवाड़ा व अमरवाड़ा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष से एवं शेष रिटर्निंग अधिकारी व विधानसभा स्तर के अधिकारी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पुष्प द्वारा होम वोटिंग, सेकंड रैंडमाइजेशन, ईवीएम मशीन की कमीशनिंग, मतदान दलों की ट्रेनिंग, सामग्री वितरण और वापसी की तैयारी, फैसिलिटेशन सेंटर की आवश्यक व्यवस्था, पोस्टल बैलेट के स्ट्रॉन्ग रूम और मशीन के स्ट्रॉन्ग रूम पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी की स्थिति, प्राप्त सुरक्षा बल के लिए ठहरने व भोजन की व्यवस्था, आवश्यकता के अनुसार सामग्री वितरण के एक दिन पूर्व मतदान दलों के रात्रि विश्राम के लिए की गई व्यवस्था, मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की आवश्यक व्यवस्था, मतदान केंद्रों पर मतदान दलों के लिए भोजन, निस्तार, पानी, साफ-सफाई, रात्रि विश्राम, पर्याप्त रोशनी आदि से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं और पुलिस से संबंधित इश्यू पर एक-एक कर प्रत्येक विधानसभा से जानकारी प्राप्त कर समीक्षा की गई तथा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# मतदाता जागरूकता के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता




**छिन्दवाड़ा।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजरी छिन्दवाड़ा में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी जी. एस. बघेल, विशेष अतिथि के रूप में अजय केकतपुरे बीआरसी छिन्दवाड़ा एवं गजेन्द्र सिंह रघुवंशी सीएसी छिन्दवाड़ा कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य श्रीमति अंजली गद्रे, प्रचार अधिकारी राम सहाय प्रजापति उपस्थित थे। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त शिक्षक विनोद तिवारी, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य श्यामलराव, सेवानिवृत अधिकारी डीएन अग्निहोत्री एवं अशोक मिश्रा उपस्थित रहे। मतदाता जागरूकता अभियान का सुभारम्भ जागरूकता रैली से प्रारंभ हुआ। जिसे उपस्थित सभी अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया । इसके उपरांत मंचीय कार्यक्रम में प्रचार अधिकारी राम सहाय प्रजापति ने सभी अतिथियों को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराते हुए बताया की आज विद्यालय में विद्यर्थियों एवं इस ग्राम के ग्रामीण जनों के बीच मतदाता जागरूकता रैली के साथ-साथ बच्चों के बीच रंगोली, चित्रकला, निबंध और प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों के हस्ते सम्मानित किया गया साथ ही रेणुका लोक नाट्य कला केंद्र द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित नाटक का मंचन किया गया अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी . एस. बघेल ने बताया की छिन्दवाड़ा विधान सभा का मतदान प्रतिशत विगत वर्षों में अपेक्षाकृत कम रहा है जिसको देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर मनोज पुष्प के मार्गदर्शन में स्वीप प्लान के तहत शासकीय स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। यह पहला अवसर होगा की निर्वाचन आयोग ने 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों द्वारा निर्वाचन की समस्त प्रक्रिया पूरी करने पर उन्हें घर बैठे ही वोट डालने का अधिकार मिला है। जिसके लिए अभी तक 2200 लोग चयनित हुए हैं । उन्होंने मतदान जैसे महापर्व में अपनी आहुति डालने का आह्वाहन भी किया है।

## मेंटनेंस कार्य के दौरान आज एक फीडर में बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

**छिन्दवाड़ा।** मेंटनेंस कार्य के दौरान प्रात: 7 से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी । कंपनी द्वारा बिजली आपूर्ति बंद रहने के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई है। म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता (शहर संभाग) ने बताया कि 7 नवंबर को 11 के.व्ही. सोनाखार टाउन-1 फीडर की 8.1 कि.मी.लंबी विद्युत लाईन से जुड़े 31 ट्रांसफर्मरों के क्षेत्र के सोनाखार उपकेन्द्र से चारफाटक, नवभारत, गांधीगंज, रेल्वे स्टेशन क्षेत्र, सिवनी रोड बोरिंग, संतोषी माता मंदिर, गुरूद्वारा, खोपरा मिल, आई.टी.सी., अग्रवाल पॉलीमर्स, चौधरी पेट्रोल पंप, कुण्डीपुरा थाना आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

## भाजपा जिले का चहुमुखी विकास करेगी



**छिंदवाड़ा।** भाजपा छिंदवाड़ा विधानसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू द्वारा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्र. 36, 37, 38 पहुंचकर वार्डवासियों से मिलकर जनसंवाद किए एवं भाजपा सरकार जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सरकार रहेगी तो भाजपा की जनहितकारी योजनाओं का लाभ आगे भी मिलती रहेगी । 15 महिने की कमलनाथ कांग्रेस ने छिंदवाड़ा जिले की जनता को वादों के अलावा कुछ नहीं दिया उन्होंने पिछले चुनाव में डूब क्षेत्र के किसानों को 23 प्रतिशत बोनस देने की बात कही थी 15 महिने मुख्यमंत्री रहने के बावजूद वे इसे पूरा नहीं कर पाए । श्री साहू ने कहा कि अब छिंदवाड़ा की जनता ने तय कर लिया है कि उन्हें सर्वसुलभ सुख-दुख में साथ रहने वाला ही जनप्रतिनिधि चाहिये, ना कि सिर्फ चुनाव के समय ही दिखाई देने वाला जनप्रतिनिधि चाहिए। 15 माह के अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में जो ऐतिहासिक भ्रष्टाचार किए उसमें छिंदवाड़ा में सिंचाई काम्पलेक्स के नाम पर 500 करोड़ का भ्रष्टाचार एवं नगर निगम सफाई ठेका तथा साईन बोर्ड का काम अपने मित्र ठेकेदारों को दिलवाकर उनका भुगतान मद परिवर्तन से कर नगर निगम को वित्तीय रूप से दिवालिया करने जैसे काम प्रमुख है ।

## भाजपा प्रत्याशी को जिताने महिला मोर्चा ने ग्राम सारना एवं वनगांव में जनसंपर्क



**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा भारतीय जनता पार्टी के छिंदवाड़ा विधानसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के समर्थन में ग्राम सारना एवं बनगांव पहुंचे जहां महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती गरिमा प्रतीक दामोदर के साथ नवीन रानू साहू, नगर मंडल अध्यक्ष जया विश्वकर्मा, महामंत्री नीलू क्षेत्री, कोषाध्यक्ष अनिता वात्री एवं सारना मंडल के भाजपा नेता निमेष पटेल, अनुज रघुवंशी के साथ जनसंपर्क किया । जनसंपर्क के दौरान मोर्चा पदाधिकारियों ने भाजपा द्वारा किए गए जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं कहा कि महिलाएं भाजपा सरकार की योजना से आर्थिक रूप से सशक्त एवं मजबूत हुई है । छिंदवाड़ा विधानसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू को अपना आशीर्वाद देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की । इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की बहने उपस्थित रही ।

### सौंसर विधानसभा क्षेत्र

# भाजपा एवं कांग्रेस दोनों में ही पार्टी में भीतरघात का खतरा

छिंदवाड़ा/सौंसर। सोलहवीं विधानसभा के लिए होने जा रहे चुनाव में अब प्रत्याशी घर घर जाकर अपने पक्ष में मतदान करने जुट गए हैं।मध्य प्रदेश की सबसे चर्चित समझें जाने वाली सौंसर विधानसभा सीट से वैसे कुल पंद्रह प्रत्याशी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। किंतु मुख्य मुकाबला कांग्रेस एवं भाजपा के बीच होते दिखाई दे रहा है जहां 2018 में संपन्न विधानसभा चुनाव के चिरपरिचित प्रतिद्वंदी कांग्रेस के विजय चौरे तो भाजपा के नानाभाऊ मोहोड आमने-सामने हैं। दोनों प्रत्याशियों के लिए यह सीट प्रतिष्ठा का मुद्दा बनती जा रही है। और दोनों दलों के प्रत्याशी भीतर घात से डरे-सहमे नजर आ रहे हैं।

### अब तक का सबसे महंगा चुनाव होगा साबित

जिस तरह दोनों दलों द्वारा हाइटेक तरीके से चुनाव प्रचार करती नजर आ रही हैं उससे लगता है कि सौंसर विधानसभा क्षेत्र में अब तक हुए चुनाव में यह चुनाव सबसे महंगा साबित होने वाला है। इधर प्रत्येक चुनावी लेखा-




जोखा पर बारीक नजर रखने वाले विश्लेषकों के आकलनों पर नजर दौडायें तो उनका साफ तर्क है कि कमलनाथ अपनी प्रतिष्ठा का मुद्दा बनाकर सौंसर विधानसभा क्षेत्र में अपने प्रत्याशी विजय चौरे को जिताने साम दाम दंड भेद से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से मदद करने में कोई कोर-कसर नहीं छोडेगे वही भाजपा के प्रत्याशी नानाभाऊ मोहोड़ मतदाताओं को रिझाने एक वर्ष पहले से ही विभिन्न तौर-तरीकों से युवा मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं जिसमें मराठी लावणी से लेकर गरबा के नाम पर टीवी कलाकारों के ठुमके तक चर्चित रहे हैं। नाना से ज्यादा उनके भतीजे की चर्चा ज्यादा है।

### चापलूसों की टोली और नाना

दिन-ब-दिन अपने चरम पर पंहुचता चुनाव प्रचार और नाना को चौबीसों घंटे घेरे रहने वाले चापलूसों की टोली नानाभाऊ की इमेज खराब करने का कार्य करती नजर आ रही है। जिसके चलते राजनीतिक विश्लेषक यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि नानाभाऊ मोहोड़ अपने प्रतिद्वंद्वी से लड रहे कि अपनो से ही इधर अपनी कार्यशैली को लेकर चर्चा में रहने वाले पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड पर अवैध गतिविधियों में शामिल तत्वों को सरंक्षण देने का गंभीर आरोप आए दिन लगते रहते है। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो नाना की राजनीति करने की शैली बेदाग जरूर रही हो, किन्तु उनके आजू-बाजू रहने वाले चमचे नाना की साख खराब करने समय-समय पर बहाना ढूंढते है और इन्ही तत्वों ने 2018 का विधानसभा चुनाव में नानाभाऊ मोहोड को चारों खाने चित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी, बावजूद नानाभाऊ द्वारा ऐसे असामाजिक तत्वों को अपने इर्द-गिर्द रखना अनेक संदेह को जन्म देता है।

## समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव छिंदवाड़ा आयेंगे



**छिंदवाड़ा।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अरविन्द यादव ने चौरई में युवा लोधी प्रत्याशी विपिन वर्मा के पक्ष में प्रचार करते हुये कहा कि क्षेत्र को समस्याओं को वे जोरदारी से उठायेंगे। उन्होने बताया कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को छिंदवाड़ा लाने प्रयास किये जा रहे है एवं उनके आने की जोरदार तैयारी की जा रही है।

समाजदवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अरविंद यादव ने पत्रकार से कहा कि देश आजादी के 75 वर्षों में जिन राजनीतिक दलों ने सरकार बनाया उन्होंने पिछड़े दलित आदिवासियों का शोषण किया है अन्याय अत्याचार चरम सीमा में रहा है केंद्र में 9 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी की सरकार और 18 वर्षों से मध्य प्रदेश में है डबल इंजन सरकार ने मंहगाई और बेरोजगारी बढाई है महंगाई के कारण जनता में हाहाकार मचा मचा हुआ है 9 वर्षों से केंद्र सरकार ने सोना एचांदीए लोहाए सीमेंट के दाम दोगुना बढ़ाने के साथ.साथ खाद्य सामग्री में टैक्स लगा दिया है देश आजादी के पूर्व अंग्रेजों के शासन काल में भी ऐसा टैक्स कभी नहीं लगा जो भाजपा सरकार ने टैक्स लगाया और कांग्रेस मूक दर्शक बनी रही जनता की दुर्दशा के लिए दोनों राजनीतिक दल ही जिम्मेदार है अखिलेश यादव के कार्यक्रम से होगा तख्तापलट राष्टीय कार्यालय से प्राप्त जाने की जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष के कार्यक्रम हेतु आगमन की तैयारी के दिशा निर्देश जारी हुए हैं जल्द ही समाजवादी पार्टी की सभा के साथ समाजवादी पार्टी चुनावी समर में जीत का परचम लहराएगी।

# गोंडवाना के हजारों कार्यकता कांग्रेस में शामिल



छिन्दवाड़ा। म.प्र. में अठारह साल शिवराज सिंह चौहान की झूठ की मशीन पूरी रफ्तार से चली है और चुनाव नजदीक आते ही इस मशीन की रफ्तार सीधे दोगुनी हो गई जिसमें जिले और प्रदेश की जनता खूब पिसी है। किन्तु अब वक्त आ चुका है कि आप सभी मिलकर इस मशीन को बंद करें ताकी प्रदेश और हमारे जिले का वर्तमान व भविष्य दोनों ही सुरक्षित हो सके। आप लोगों को 17 नवम्बर को एक सुअवसर प्राप्त हो रहा है, इस दिन जैसे ही आप सभी कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेंगे वैसे ही झूठ और 50 प्रतिशत की कमीशन वाली मशीन स्वतः बंद हो जायेगी। उक्त उदगार आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने अपनी जनसभाओं में व्यक्त किये। जुन्नारदेव विधानसभा के चावलपानी एवं पांढुर्ना विधानसभा के लावाघोघरी में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश आदिवासी अपराध में नम्बर एक, भ्रष्टाचार में नम्बर एक, महिला अपराध में नम्बर एक है और अब तो कर्ज लेने में भी नम्बर एक पर आ चुका है। कर्ज ली हुई राशि कहां जा रही इसका कोई अता पता नहीं है। शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश को चौपट और आर्थिक रूप से कंगाल करने का काम किया है। पूर्व सीएम नाथ ने अपने उदबोधन में कहा कि भाजपा के लोग फिर आयेंगे तरह-तरह के प्रलोभन देंगे, लेकिन आप लोगों को उनके बहकावे में नहीं आना है, क्योंकि इस बार जब आप आपना मत देने के लिये बटन दबायेंगे तो वह किसी प्रत्याशी को चुनने के लिये नहीं बल्कि प्रदेश के उज्जवल भविष्य के लिये बटन दबायेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जो वचन देते हैं उसे पूरा भी करते हैं। पंद्रह माह की कांग्रेस सरकार में अनेकों योजनायें लाकर आदिवासियों का



उत्थान किया है, जबकि भाजपा के शासन काल में आदिवासी पर भरपूर अत्याचार हुआ है। भाजपा और उनके नेताओं की आदिवासी के खिलाफ आपराधिक मानसिकता व आदिवासी विरोधी नीतियों से आहत और गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी की अनदेखी से दुखी है। उक्त उदगार आज पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निवास कमलकुंज में गोण्डवाना से कांग्रेस में सम्मिलित हुये पदाधिकारियों ने व्यक्त किये। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के विकास कार्यों और कांग्रेस की रीति-नीति से प्रभावित होकर गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी के हजारों पदाधिकारियों ने कांग्रेस का हाथ थामा साथ ही कमलनाथ को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

# रेल मंत्रालय छिंदवाड़ा से भेदभाव बन्द करें : साहू

छिंदवाड़ा। समाजिक कार्यकर्ता भगवान दिन साहू के नेतृत्व में बहुत से धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने प्रधानमंत्री और रेल मंत्रालय के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोप कर पाताल कोट एक्सप्रेस में आवश्यक सुधार की मांग की ज्ञापन में बताया कि- छिंदवाड़ा जिलेवासियों के लिये दिल्ली जाने का एकमात्र साधन है पाताल कोट एक्सप्रेस । पर



इसकी दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है। दिनांक 25-10-2023 को यह ट्रैन फिरोजपुर से छिंदवाड़ा आ रही थी। आगरा स्टेशन के पास 4 डिब्बे आग में स्वाहा हो गए जिसमें जनहानि भी हुई है ।इसके पूर्व छिंदवाड़ा से बैतूल जाने वाली पेंचव्हली एक्सप्रेस का एक /ष्ट कोच बैतूल यार्ड में आचनक जल कर खाक हो गया था। रेल विभाग ने पातालकोट एक्सप्रेस को जो रैक प्रदान किये हैं वो बहुत ही निम्न स्तर के हैं। इस ट्रेन में ना पेंट्रीकार है , ना मोबाइल चार्जिंग की अच्छी व्यवस्था । अधिकतर चार्जिग पॉइंट खराब रहते हैं , टूटी फूटी , खिड़की और सीट है , अधिकतर बाथरूम में चिटकनी है ही नही । और महीनों महीनों तक इसके रैक की साफ सफाई नहीं होती । छिंदवाड़ा से सफदरजंग ( दिल्ली ) पहुचने का समय बेहद दुखदायी है। यह ट्रेन रात में 03.30 बजे पहुँचती है । इस समय नई दिल्ली या अन्य जगह जाने के ऑटो रिक्शा मात्र साधन है जो यात्रियों के साथ मनमाना किराया वसूल करतें हैं। सफदरजंग से मेट्रो स्टेशन लगभग 2 कि.मी. की दूरी पर है जो सुबह 7 बजे खुलता है । और सफदरजंग रेलवे स्टेशन पर ना तो टिकिट रिजर्वेशन काउंटर है, ना वेटिंग हाल, ना आसपास कोई होटल , ना ही बस स्टैंड पास में है । यात्री साढ़े तीन घण्टे छिंदवाड़ा के ओर रेल मंत्रालय के जनप्रतिनिधियों को कोसते नजर आते हैं । पातालकोट एक्सप्रेस में सफर करना नरकीय यातनाएं झेलना जैसा है। मुझे इसका अच्छा खासा अनुभव है । पातालकोट एक्सप्रेस छिंदवाड़ा जिला के अलावा सिवनी, बालाघाट, मंडला ओर बैतूल जिले के यात्रियों के लिए मुख्य जरूरत है ।जब से इस ट्रेन को सिवनी तक बढ़ाया गया तब से यह कभी समय पर आई नाही समय पर कभी गई है । प्रधानमंत्री और रेल मंत्रालय से प्रार्थना है कि पाताल कोट एक्सप्रेस का रैक ( रेल डिब्बे ) अच्छी गुणवत्ता वाले हों और सफदरजंग रेलवे स्टेशन की जगह कोई अन्य दिल्ली का रेलवे स्टेशन स्टॉपेज बनाये साथ ही छिंदवाड़ा वालों के साथ इंसान जैसा रवैया इस्तेमाल करे। ज्ञापन देते समय आधुनिक चिंतक हरशूल रघुवंशी , शिक्षा विद विशाल चवुत्रे ,राष्ट्रीय बजरंग दल के नितेश साहू , कुनबी समाज के युवा नेता अंकित ठाकरे कलार समाज के सुजीत सूर्यवंशी , साहू समाज के ओमप्रकाश साहू , टेली कॉम सेक्टर के प्रतिष्ठित व्यवसायी नितिन दोईफोड़े , आई टी शेल के प्रभारी भूपेश पहाड़े , ओमप्रकाश डहेरिया , सुभाष इंग्ले ,अशोक कराडे , अश्विन पटेल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

# भोपाल में 1612 अधिकारी-कर्मचारियों ने किया डाक मतपत्र से मतदान, 10 नवंबर तक चलेगी प्रक्रिया



**भोपाल।** जिले की सात विधानसभा सीटों में चुनाव कराने के लिए कुल नौ हजार 16 अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये भी इस चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें, इसके लिए इनके मतदान की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई है। पहले दिन कुल एक हजार 612 कर्मचारियों ने डाक मतपत्र से मतदान किया है। जिले में कुल नौ हजार 16 कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान दल और निर्वाचन कार्य में लगाई गई है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय ने बताया कि मतदान दल एवं निर्वाचन कार्य में पुलिस, प्रशासन, नगर निगम सहित अन्य विभाग के लगभग 17 हजार अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनके द्वारा मतदान किए जाने की प्रक्रिया सोमवार से शुरू करवा दी गई है। इसके लिए शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय और मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय में सुविधा केंद्र स्थापित किए गए है। पहले दिन एक हजार 612 अधिकारी -कर्मचारियों ने डाक मतपत्र से मतदान किया है। इसके साथ ही सात और आठ नवंबर को भी डाक मत पत्र से मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि नौ और 10 नवंबर को लाल परेड मैदान में भी बचे हुए सभी अधिकारी और कर्मचारियों से मतदान करवा लिया जाएगा।

### मतदान प्रशिक्षण में अनुपस्थित 100 कर्मचारियों को थमाया नोटिस

उधर, विधानसभा चुनाव के लिए अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया भी जारी है। इसके लिए दूसरे चरण का प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हो गया है। पहले दिन लगभग तीन हजार 200 कर्मचारी शामिल हुए। वहीं 100 कर्मचारी अनुपस्थित रहे, जिन्हें नोटिस जारी किया गया है। यह प्रशिक्षण शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय और मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है, जो कि आठ नवंबर तक चलेगा। वहीं जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने 100 अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस जारी करते हुए उन्हें नौ नवंबर सुबह आठ से 12 और 12 से तीन बजे प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए कहा है। यदि इसमें भी उपस्थित नहीं हुए तो इन कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

# कर्मचारी मंच का मतदाता महादान अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा

### कर्मचारियों ने कर्मचारी हितैषी सरकार के लिए मतदान शुरू किया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच का 5 नवंबर 2023 से शुरू किया गया मतदाता महादान अभियान आज दूसरे दिन भी जारी रहा आज कर्मचारी मंच के पदाधिकारीयों ने शासकीय आवास नॉर्थ टी टी नगर साउथ टी टी नगर गवर्नमेंट क्वार्टर कोटरा सुल्तानाबाद सुनहरी बाग शासकीय कॉलोनी में मतदान महादान अभियान कर्मचारीयों एवं उनके परिवार के बीच चलाया गया पदाधिकारीयों ने कर्मचारी परिवार के बीच शत-शत मतदान करने की अपील करी मतदान महादान अभियान में अशोक पांडे सुनील पाठक शिव प्रसाद सांगुले श्याम बिहारी सिंह सत्येंद्र पांडे चांद सिंह श्याम लाल विश्वकर्मा भूपेंद्र यादव थावरिया भील वेस्ता डामोर शामिल थे।

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रधानता अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि पिछले कार्यकाल में सरकार ने

कर्मचारियों की मांगों को संज्ञान में नहीं लिया है कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना महंगाई भत्ता का एरियर भुगतान वृत्ति कर की समाप्ति स्थाई कर्मियों को सातवां वेतनमान का लाभ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी का नियमित करण आदि मांगे लंबे समय से लंबित है आज से कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट मतदान के माध्यम से वर्ष 2023 के चुनाव के लिए मतदान करना प्रारंभ कर दिया है कर्मचारियों ने आज लोकतंत्र को मजबूत करने एवं कर्मचारी हितेषी सरकार बनाने के लिए संकल्पित मतदान किया है चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों ने आज पूरे प्रदेश में 15त्न मतदान किया इस बार कर्मचारियों ने संकल्प लिया है कर्मचारी हितैषी सरकार के लिए मतदान शत प्रतिशत करेंगे मतदान महादान अभियान पूरे प्रदेश की 53 जिलों में चलाया जा रहा है और मतदान महादान अभियान 15 नवंबर तक निरंतर चलाया जाएगा।

# त्योहारी सीजन में सड़क पर उतरा खाद्य अमला, मिठाई दुकानों से लिए सैंपल

**भोपाल।** खाद्य एवं औषधीय प्रशासन विभाग ने त्योहारी सीजन में मिलावटखोरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी सिलसिले में सोमवार को खाद्य अमले ने कई जगहों पर मिठाई की दुकानों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाग मुगलिया स्थित गणपति बीकानेर से मावा से बनी दो मिठाइयों के दो नमूने, नर्मदापुरम रोड स्थित ब्रजवासी स्वीट्स् से दो नमूने, ललिता नगर कोलार रोड स्थित गोकुल स्वीट्स् से से दो नमूने, गुरुकृपा स्वीट्स से मावा की मिठाइयों के दो नमूने, वाहे गुरू डेयरी एण्ड प्रोटीन्स् से पनीर तथा बेसन लड्डू के नमूने, देवनारायण स्वीट्स् से मावा तथा मलाई बर्फी के नमूने, शाहपुरा स्थित मुरैना डेयरी एण्ड स्वीट्स् से मावा से बनी मिठाइयों के दो नमूने, खेतेश्वर बीकानेर स्वीट्स से मावा से बनी मिठाइयों के तीन नमूने, बैरागढ़ स्थित खुशबू डेयरी से दूध, पनीर, दही तथा घी के नमूने, चंचल स्वीट्स से मिठाइयों के तीन नमूने तथा वर्षा स्वीट्स से तीन नमूने लिये गए हैं ।

### जांच के लिए भेजे सैंपल

सभी सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि सैंपलों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। त्योहारी सीजन में मिठाइयों की खपत बढ़ने के साथ बाजार में मिलावटी सामग्री की आवक भी बढ़ जाती है। इसे देखते हुए खाद्य अमला निरंतर कार्रवाई करता है।

**गंदगी फैलाने वालों से वसूले 18 हजार रुपये-** उधर, शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थलों की सफाई के साथ गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में सोमवार को नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कचरा, गंदगी फैलाने, गीला-सूखा व अन्य प्रकार का कचरा अलग-अलग न रखने, खुले में मूत्र त्यागने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने के मामले में कार्रवाई करते हुए स्पाट फाइन वसूला। इस दौरान 54 प्रकरणों में 18 हजार 250 रुपये की राशि वसूल की गई।

# प्रदूषण ने बढ़ाई चिंता: मप्र में ग्वालियर सबसे प्रदूषित शहर, दूसरे नंबर पर भोपाल, एआईक्यू 310 पर पहुंचा, इंदौर में भी हाल ठीक नहीं

**भोपाल।** एक ओर दिल्ली में भारी प्रदूषण की खबरें ही रही थीं, वहीं अब इस मामले में मप्र के चार बड़े शहरों ने भी चिंता बढ़ा दी है। इनमें ग्वालियर और भोपाल प्रदूषण सबसे ज्यादा है। इसी समय ग्वालियर (लाइव मॉनिटरिंग सिस्टम महाराज वाड़ा) का 338 एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) दर्ज किया गया, जो वेरी पुअर यानी बहुत खराब स्तर कहा जाता है, वहीं करीब 6 महीने बाद भोपाल में एक्यूआई माड्रेट से पुअर (खराब) स्थिति में पहुंचा गया। इसके चलते भोपाल (लाइव मॉनिटरिंग सिस्टम पर्यावरण परिसर) प्रदेश के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में दूसरे स्थान पर है। इसके चलते पिछले कुछ दिन से भोपाल में पॉल्यूशन अब लाल रेखा की और बढ़ता दिखाई दे रहा है। बढ़ते प्रदूषण से प्रशासन की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि इसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ेगा।



### ठंड के सीजन में ही क्यों बढ़ता है प्रदूषण

पर्यावरण के जानकारों के अनुसार, ठंड के सीजन में आम तौर पर एक्यूआई बढ़ता ही है। ठंड में वाहनों से निकलने वाली हानिकारक गैसें एक्सपेंड नहीं हो पाती और वायुमंडल में ठहरी रहती हैं। जैसे-जैसे सर्दी बढ़ती है, गैस और धूल के कण वायुमंडल में देर तक ठहरते हैं। इससे एक्यूआई बढ़ता है, जो हानिकारक स्थिति तक पहुंच जाता है।

### भोपाल में सोमवार को एक्यूआई की स्थिति

| इलाका | एक्यूआई |
|---|---|
| पर्यावरण परिसर | 310 |
| टीटी नगर | 230 |
| ईदगाह हिल्स | 220 |

(जानकारी प्रदूषण बोर्ड के लाइव मॉनिटरिंग सिस्टम के अनुसार)

### मप्र के चार शहरों में पुअर से अधिक प्रदूषण

| शहर | एक्यूआई |
|---|---|
| ग्वालियर | 338 |
| भोपाल | 310 |
| इंदौर | 282 |
| सिंगरौली | 202 |

### जानें एक्यूआई का स्तर स्थिति

0-50 गुड (बेहतर)
51-100 सटिसफैक्ट्री (औसत संतोषजनक)
101-200 मॉडरेट (औसत)
201-300 पुअर (खराब)
301-400 वेरी पुअर (बहुत खराब)
401-500 सीवियर (चिंताजनक)

# मतदाताओं को इस बार मिलेगी क्यूआर कोड वाली पर्ची, स्कैन करते ही मिलेगी हर जानकारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 55 जिलों के 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर 17 नवंबर को मतदान होगा। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने तैयारी तेज कर दी है। इसमें सबसे खास है क्यूआर कोड वाली मतदाता पर्ची। निर्वाचन आयोग ने पर्चियों को बांटना भी शुरू कर दिया है। इन पर्चियों को जिले के अनुसार सभी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारियों को दिया जा रहा है। इसकी शुरुआत भोपाल से हो गई है। बता दें कि मतदान प्रक्रिया के पांच दिन पहले से यह पर्चियां मतदाताओं को देना शुरू किया जाएगा। अभी तक विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को फोटो युक्त पर्ची दी जाती थी, लेकिन इस बार से यह नई व्यवस्था लागू की गई है। क्यूआर कोड स्कैन करते ही मतदाताओं को उनकी जानकारी के साथ ही विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र की जानकारी मिल जाएगी। इससे मतदाताओं को मतदान केंद्र खोजने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। वे आसानी से केंद्र पर पहुंचकर मतदान कर सकेंगे।

**ऐसे पहुंचेगी घर-घर, सत्यापन भी होगा-** मतदाता पर्ची बांटने की जिम्मेदारी मतदान केंद्रों के बीएलओ को दी जाएगी। यह पर्चियां निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के निर्वाचन अधिकारी को दी जाएगी। यहां से पर्चियों को विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को भेजा जाएगा। वे इसे सुपरवाइजर को देंगे और फिर यह बीएलओ के पास पहुंचेगी। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को पर्चियां बांटेंगे। इसके साथ ही सत्यापन भी किया जाएगा कि पर्ची सही मतदाता को मिल रही है या नहीं।

# त्योहार में कचरा बढ़ने के साथ व्यवस्था चरमराई, जगह-जगह लगा ढेर, खुले में जला रहे



**भोपाल।** शहर में दीपावली के चलते लोगों के घरों और दुकानों की सफाई चल रही है। ऐसे में शहर का कचरा अन्य दिनों की अपेक्षा डेढ़ गुना बढ़ गया है, लेकिन नगर निगम के पास सफाई व कचरा परिवहन की अतिरिक्त व्यवस्था नहीं होने से शहर में जहां जगह-जगह कचरे का ढेर लग रहा है, वहीं रहवासी और निगमकर्मी खुले में कचरा जला रहे हैं। कुल मिलाकर व्यवस्था चरमरा गई है।

उल्लेखनीय है कि शहर से सामान्य दिनों में प्रतिदिन एक हजार मीट्रिक टन कचरा निकलता है। वर्तमान में त्योहार की वजह से 400 टन अधिक कचरा निकल रहा है। इससे अतिरिक्त कचरे की सफाई निगम के लिए बड़ी चुनौती हो गई है। अभी निगम के पास नियमित रूप से निकलने वाले कचरे की सफाई और परिवहन की ही व्यवस्था है। अतिरिक्त कचरा उठाने के लिए निगम के पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। इसके कारण गलियों और मुख्य मार्ग में एक बार फिर गंदगी दिखने लगी है। वहीं अधिकारी भी इस अतिरिक्त कचरे की सफाई और परिवहन के लिए निरंतर क्षेत्रों का भ्रमण करने जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं, लेकिन इसका भी कोई असर नजर नहीं आ रहा है।

### सात हजार सफाईकर्मी भी पड़ रहे कम

शहर में प्रतिदिन सार्वजनिक स्थलों पर झाड़ू लगाने और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए सात हजार से अधिक कर्मचारियों को लगाया गया है। वहीं इसके परिवहन के लिए 700 से अधिक कचरा वाहनों की तैनाती की गई है। इसके बावजूद शहर से कचरा शत-प्रतिशत कचरे का निस्तारण नहीं हो रहा है।


### एक दिन छोड़कर आ रहे कचरा वाहन

413 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले शहर से कचरा उठाने के लिए पर्याप्त वाहन नहीं है। वहीं बाजार क्षेत्रों में भी अतिरिक्त कचरा निकल रहा है। इससे कचरा वाहन रहवासी क्षेत्रों में नहीं पहुंच रहे हैं। भेल, कोलार और पुराने शहर की कालोनियों और मोहल्लों में एक दिन छोड़कर कचरा कलेक्शन गाड़ियां पहुंच रही हैं।

### कचरे के ढेर से संक्रमण बढ़ा

प्रतिदिन कचरे का उठाव नहीं होने से खाली प्लाटों और सड़कों के किनारे ही कचरे का ढेर लग गया है। यह कई दिनों तक यहीं पड़ा रहता है। जिससे इनमें मच्छर-मक्खी पनप रहे हैं। इससे मच्छर जनित बीमारियों व संक्रमण का खतरा बढ़ा है।

# शिवराज ही बनेंगे मुख्यमंत्री, बोले केंद्रीय मंत्री नरेंद्र तोमर




**नर्मदापुरम।** शिवराज सिंह चौहान ही प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री। यह कहकर आज केंद्रीय मंत्री व भाजपा के चुनावी प्रदेश संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर ने वह चुनावी पटाखा आखिर फोड़ ही दिया जिसकी आवाज सुनने के लिए अब तक आम जनता और मीडिया के कान तरस गए थे। साथ ही इस विधासभा चुनाव अभियान में पहली बार उन्होंने भाजपा के सी एम चेहरे पर तस्वीर साफ कर दी। क्योंकि राजनीतिक समीक्षक अब तक इसी चुनावी गणित में उलझे थे कि शिवराज सिंह या अन्य किसी को भी सी एम चेहरा घोषित नहीं करने से भाजपा को क्या नुकसान या फायदा होगा।

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर चुनाव प्रचार के अनुक्रम में आज रविवार को नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण अंचल सनखेड़ा पहुंचे। श्री तोमर ने सोहागपुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में एक आमसभा को संबोधित किया और चलते चलते मीडिया से भी सीधा संवाद किया।

केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को सुनने बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचल के लोग पहुंचे। नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र के कुछ नेता भी सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र की इस जनसभा में पहुंचे। केंद्रीय मंत्री तोमर ने भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की कई जनहितैषी योजनाओं का बखान किया। वहीं श्री तोमर ने कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी, दिग्विजय सिंह व कमलनाथ पर जमकर निशाना भी साधा। नरेंद्र तोमर ने कहा कि राजीव गांधी, फिरोज गांधी के पुत्र हैं। फिर राहुल गांधी का गौत्र,अपनी दादी के पिता जवाहरलाल नेहरू का गौत्र कैसे हो गया। इनको अपने गौत्र का अता-पता नहीं है और दूसरे के गौत्र से पूजन पाठ कर रहे है।

ऐसी नकली पूजा को भगवान भी बर्दाश्त नहीं करते। भारत जोड़ों यात्रा पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसी भी माई के लाल में हिम्मत नहीं, जो भारत को तोड़ने की बात कह सकें। राहुल गांधी ने भारत जोड़ों यात्रा निकाल कर केवल भ्रम फैलाया। मेरा राहुल गांधी से निवेदन है कि आप मप्र आएं, यहां जो आपके पार्टी के प्रदेश के नेता कमलनाथ, दिग्विजय सिंह के जो कुर्ते फाड़े जा रहे हैं, उन फटे हुए कुर्तो को अगर आप रफु करवा देंगे तो कांग्रेस के हित का एक बड़ा काम आपके खाते में चला जाएगा। पर जैसे ही चुनाव आता है ये अपना चोला बदल लेते है। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जिसने अपने सर्वमान्य नेता राहुल जी को 7 बार लांच किया। पर सातों बार उनका लांच फेल हो गया। कांग्रेस के पीछे तथाकथित देश विरोधी मानसिकता के काम करने वाले एनजीओ का जमावड़ा है। उन्होंने सभी से पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। बाद में केंद्रीय मंत्री ने मीडिया से चर्चा में कहा कि मध्य प्रदेश में फिर से भाजपा की स्पष्ट बहुमत वाली सरकार ही बनेगी। मप्र में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर नरेंद्र सिंह चौहान ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस बार फिर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ही होंगे।

सभा में 10 दिन पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा ज्वाइन करने वाली पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा ने भी कमलनाथ सरकार में 18 महीने तक परेशान रहे कांग्रेस विधायकों की परेशानियां बताई। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सरकार रही, तब कांग्रेस विधायकों ने मुख्यमंत्री कमलनाथ के निवास को ठीक तरह से देखा तक नहीं था। दो मिनिट भी कमलनाथ अपने विधायकों को नहीं देते थे।

# मप्र चुनाव में किसके हाथ बाजी

## न्यूज पुराण का ओपिनियन पोल

**सरयूसुत मिश्र**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। प्रदेश में इस बार चुनावी बिसात पर किसकी होगी जीत और कौन रहेगा खाली हाथ यह सवाल प्रदेश ही नहीं देश भर के जेहन में हैं।

एक ओर भाजपा जहां सत्ता में वापसी के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। वहीं, कांग्रेस भी मैदानी मोर्चे पर सब कुछ दांव पर लगाए है। कुल मिलाकर सियासी दल ही नहीं सियासी पंडित भी यह मानकर चल रहे हैं कि इस बार प्रदेश में लड़ाई कांटे की है।

इस चुनावी लड़ाई में मतदान से पहले दोनों दलों की संभावनाएं क्या हैं? इस पर न्यूज पुराण लाया है ये ओपिनियन पोल..! इस ओपनियन पोल में कुल सीट के साथ प्रदेश के 6 अंचलो और इन अंचल की हर सीट पर क्या स्थिति हो सकती है यह हम आपको बताने जा रहे हैं।

हमारे ओपिनियन पोल के मुताबिक, प्रदेश की 230 सीटों पर हो रहे चुनाव में भाजपा अभी कांग्रेस की तुलना में ज्यादा मजबूत नजर आ रही है। दोनों की मजबूत सीटों की बात की जाए तो भाजपा में यह संख्या 98 है। वहीं, कांग्रेस 70 सीटों पर बढ़त बनाए दिख रही है। दोनों में अभी 28 सीटों का अंतर है।

बड़ी बात यह है कि फिलहाल 62 सीटें ऐसी हैं जहां भाजपा और कांग्रेस दोनों ही कांटे के मुकाबले में है। निश्चित रूप ये इन्ही सीटों पर जीत और हार से ही सत्ता का निर्धारण होगा-

कुल सीट - 230
भाजपा - 98
कांग्रेस - 70
कांटे की टक्कर वाली सीट- 62

कांटे की लड़ाई वाली इन सीटों पर दोनों ही दलों के बागी प्रत्याशियों के साथ बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी भी निर्णायक भूमिका में हैं। बसपा और सपा तो इनमें से कुछ सीटों पर सिर्फ खेल बिगाडने की नहीं बल्कि जीतने की भी स्थिति में आ सकती हैं। हालांकि, दोनों दलों के बागी जीतने की स्थिति में न होकर सिर्फ पार्टी को नुकसान पहुंचाते दिखाई दे रहे हैं।



हमारे ओपिनियन पोल के मुताबिक, भाजपा की इन सीटों पर जीत दर्ज करने की स्थिति में है-इंदौर 1, इंदौर 2, इंदौर 4, महू, सांवेर, उज्जैन दक्षिण, पंधाना, बागली, रतलाम शहर, जावरा, आलोट, मंदसौर, मल्हारगढ, सुवासरा, गरोठ, मनासा, सुसनेर, खंडवा, हरसूद, मन्धाता, नेपानगर, खरगोन, पानसैमल, राजपुर, जोबट, पेटलावद, धरमपुरी, देवास, मनावर, सतना, नागौद, रामपुर बाघेलान, रीवा, सिरमौर, मनगंवा, पुष्पराजगढ, धौहनी, जैतपुर, देवसर, मानपुर, अनूपपुर, सागर, खुरई, नरियावली, रहली, जतारा, मलहरा, महाराजपुर, दमोह, पथरिया, हटा, पन्ना, गुनौर, पवई, ग्वालियर ग्रामीण, ग्वालियर, बमौरी, पिछोर, करैरा, दतिया, भांडेर, सेवढा, भिंड, महगांव, सुमावली, दिमनी, अंबाह, विजयराघवगढ, बहोरीबंद, शाहपुर, देवास, बालाघाट, लांजी, परसवाडा, वारासिवनी, कटंगी, बरघाट, गोटेगांव , जबलपुर कैंट, बरगी, पाटन, नरसिंहपुर, नरेला, हुजूर, गोविंदपुरा, बैरसिया, सिलवानी, सांची, कुरवाई, सिरोंज, शमसाबाद, सारंगपुर, बुधनी, सोहागपुर, पिपरिया, सिवनी मालवा, बैतूल, भैंसदेही, आमला।

वहीं, इन सीटों पर जनता जर्नादन कांग्रेस का हाथ मजबूत करती नजर आ रही है-राउ, देपालपुर, तराना, नागदा खाचरौद, ,सैलाना, नीमच, शाजापुर, , कालापीपल, भगवानपुरा, कसरावद, बिकनगांव, बडवानी, सेंधवा, झाबुआ, थांदला, कुक्षी, गंधवानी, सोनकच्छ, रैगांव, अमरपाटन, मउगंज, चुरहट, सिंगरौली, चितरंगी, ब्यौहारी, बांधवगढ, केतमा, बंडा, टीकमगढ़, पृथ्वीपुर, खरगापुर, चंदली, राजनगर, जबेरा, ग्वालियर पूर्व, भितरवार, चाचौड़ा, राघौगढ़, मुंगावली, चंदेरी, पोहरी, विजयपुर, अटेर, लहार, जौरा, डबरा, बड़वारा, डिंडोरी, बिछिया, मंडला, बैहर, सिवनी, केवलारी, तेंदुखेडा, गाडरवाडा, छिंदवाडा, पांढुना, परासिया, सौंसर, जबलपुर पूर्व, जबलपुर पश्चिम, पनागर, लखनादौन, उदयपुरा, राजगढ, खिलचीपुर, ब्यावरा, आष्टा, मुलताई, घोडाडोंगरी।

इन सीटों पर फाइट- इंदौर- 3, इंदौर -5, उज्जैन उत्तर, बडनगर, घट्टिया, महिदपुर, रतलाम ग्रामीण, जावद, शुजालपुर, आगर, खातेगांव, बुरहानपुर, महेश्वर, बड़वाह, राजपुर, आलीराजपुर, धार, बदनावर, हाटपिपल्या, चित्रकूट, मैहर, सेमरिया, त्योंथर, देवतालाब, गुढ़, सीधी,सिंहावल, देवरी, बीना, सुरखी, निवाडी, छतरपुर, बिजावर, ग्वालियर दक्षिण, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, कोलारस, गोहद, मुरैना, सबलगढ, श्योपुर, बड़वारा, चौरई, जबलपुर उत्तर, सिहोरा, अमरवाडा, भोपाल उत्तर, भोपाल दक्षिण पश्चिम, भोपाल मध्य, भोजपुर, विदिशा, गंजबासौदा, नरसिंहगढ, सीहोर, इछावर, होशंगाबाद, हरदा, टिमरनी।

सबसे बड़ी बात यह है कि इस चुनाव में भाजपा बीते चुनाव में जीती अपनी सीटों पर दमदारी से टिकी हुई है। वहीं, कांग्रेस को अपनी सीटें बचाने में मशक्कत करनी पड़ रही है। अगर अंचलवार बात करें तो भाजपा ग्वालियर चंबल में बीते चुनाव की नाकामयाबी को दरकिनार कर बेहतर प्रदर्शन कर रही है। वहीं, विन्ध्य और महाकौशल में इस बार कांग्रेस पहले से बेहतर प्रदर्शन करती नजर आ रही है। मालवा निमाड़ और बुन्देलखंड में मुकाबला बराबरी का है और सेन्ट्रल मध्यप्रदेश में हमेशा की तरह भाजपा मजबूत स्थिति में है।

### अंचलवार स्थिति कुछ ऐसी बन रही

- विंध्य- 30 सीटें- बीजेपी- 12, कांग्रेस- 09, फाइट -09।
- ग्वालियर चम्बल -34 सीट- बीजेपी- 13, कांग्रेस- 12, फाइट -09।
- महाकौशल- 38 सीट- बीजेपी- 15, कांग्रेस- 17, फाइट -06।
- बुंदेलखंड में 26 सीट- बीजेपी- 13, कांग्रेस- 07, फाइट -06।
- मालवा-निमाड़- 66 सीट- बीजेपी- 28, कांग्रेस- 18, फाइट -20।
- मध्य भारत- 36 सीट- बीजेपी- 17, कांग्रेस- 07, फाइट -12।

गौरतलब है कि प्रदेश में एक चरण में 17 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे 3 दिसंबर को घोषित किए जायेंगे।